दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 184 | जयपुर, बुधवार, 14 जून, 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- एकादशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### नौ सदस्यीय महाराणा प्रताप बोर्ड गठन को मंजूरी



**जयपुर।** महाराणा प्रताप की प्रतिबद्धता, देशभक्ति, दानशीलता, जनसेवा और कर्तव्य परायणता का संदेश देने के लिए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड का गठन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बोर्ड गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 7 अन्य सदस्य होंगे। बोर्ड में सचिव एवं कार्यकारी स्टाफ अलग से होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने उदयपुर में 22 मई को कालजयी योद्धा की स्मृति में बोर्ड गठित करने की घोषणा की थी।

### सुधांश पंत नए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव नामित



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा मंगलवार को शीर्ष स्तर पर नौकरशाही में किए गए फेरबदल के तहत भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी सुधांश पंत को नया केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव नामित किया गया है। राजस्थान कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी पंत वर्तमान में बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में सचिव हैं। उन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में विशेष कार्याधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आदेश के अनुसार, अधिकारी इस साल 31 जुलाई को राजेश भूषण के सेवानिवृत्ति होने के बाद स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

## उदयपुर में मुख्यमंत्री गहलोत बोले... ध्रुवीकरण और धर्म के नाम पर होने वाली राजनीति नहीं चलने देंगे

# कांग्रेस इस बार BJP को निपटा देगी, चुनाव स्थानीय मुद्दों पर

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों से 6 महीने पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर सरकार रिपीट करने का दावा किया है। मंगलवार को उदयपुर में एक प्रेस वार्ता में सीएम गहलोत ने कहा, जनता भ्रमित करने वालों की चाल समझ चुकी है और भाजपा का चाल-चरित्र भ्रमित करने वाला है। इसलिए प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रिपीट होने जा रही है।

सीएम गहलोत ने कहा कि चुनावों के नजदीक आने पर बीजेपी वाले बाहर से आकर लोगों को भड़काने का काम करेंगे और पता नहीं क्या-क्या फितूर चलेंगे, लेकिन सूबे की जनता इस बार उनके बहकावे में नहीं आने वाली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक चुनाव परिणाम देख लें, वहां भाजपा की हनुमानजी की जय बोलकर बटन दबाने का नारा और धर्म के नाम पर जनता को भ्रमित करने की कोशिश नहीं चली और परिणाम आपके सामने है।

सीएम ने कहा कि अब लोग समझ चुके हैं कि उनको हितैषी सरकार कौन दे सकता है। उन्होंने कहा कि हम ध्रुवीकरण और धर्म के नाम पर होने वाली राजनीति नहीं चलने देंगे। सीएम गहलोत से बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के कांग्रेस को कांग्रेस के निपटाने वाले बयान पर सवाल पूछा गया था जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस बीजेपी को निपटाएगी और जनता सरकार रिपीट करेगी।



### लोकतंत्र में जनता होती है माई-बाप

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने कई राज्यों में पैसे के बल पर सरकारें गिराने का काम किया है और राजस्थान में भी वही करने जा रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता माई-बाप होती है, लेकिन इस बार जनता के बीच जाकर फीडबैक मिल रहा है कि हमारी सरकार रिपीट होगी। गहलोत ने कहा कि पीएम मोदी मानगढ़ आए और हमें उम्मीद थी कि राष्ट्रीय स्मारक घोषित होगा, लेकिन ऐसा कोई ऐलान नहीं हुआ।

### हैप्पीनेस इंडेक्स में राज्य देश में दूसरे स्थान पर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार राजस्थान में हम लोग चुनाव स्थानीय मुद्दों पर लड़ेंगे। केंद्र में सरकार होते हुए भी राज्य की योजनाओं में अड़ंगा लगाने की कोशिश की गई, जबकि हमने वसुंधरा सरकार की कोई योजना बंद नहीं की। गहलोत ने कहा कि हैप्पीनेस इंडेक्स में राज्य देश में दूसरे स्थान पर है। मिजोरम पहले नंबर पर है। उन्होंने कहा हमने चार साल में प्रदेश में 303 नए कॉलेज खोले, जिनमें 103 गर्ल्स कॉलेज हैं। पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों पर सोशल सिक्योरिटी में एक करोड़ लोगों को हम पेंशन दे रहे हैं।

## राजस्थान में बड़ा सामाजिक बदलाव

## देवस्थान के मंदिरों में एससी/एसटी अभ्यर्थियों की नियुक्ति


# मंदिरों में ठाकुरजी की सेवा में दलित पुजारी

**बेधड़क एक्सक्लूसिव**

**निरंजन चौधरी** | बेधड़क

**जयपुर।** प्रदेश में मंदिर के जरिए सामाजिक बदलाव और सामाजिक समरसता को लेकर पहली बार राज्य सरकार ने पहल की है। देवस्थान विभाग के मंदिरों में दलित और पिछड़े वर्ग के लोग भी भगवान की सेवा-पूजा करेंगे।

राज्य सरकार की तरफ से दी गई यह नियुक्ति समाज में आमूलचूल परिवर्तन की तरफ इशारा कर रही है। देश में जहां एक तरफ दलितों को मंदिर में प्रवेश करने को लेकर विवाद की खबरें सामने आती है, वहीं प्रदेश के देवस्थान विभाग के मंदिरों में सामाजिक समरसता की घंटी और घोष सुनाई देंगे। इससे बड़ा सामाजिक बदलाव भी आएगा।



### जयपुर को मिले सर्वाधिक 32 पुजारी

देवस्थान विभाग की ओर से राजधानी जयपुर में सर्वाधिक 32 पुजारी लगाए गए हैं। इनमें 4 पुजारी दलित समुदाय, 2 पिछड़ा वर्ग के अलावा बाकी ओबीसी और सामान्य वर्ग के हैं। यहां अधिकतर पुजारियों ने 8 जून तक जयपुर स्थित कार्यालय पर ज्वाइन भी कर लिया है। सभी पुजारियों को आगामी समय में किए जाने वाली पूजा-पाठ समेत मंदिर खोलने से लेकर भोग लगाने से जुड़े कार्यों की ट्रेनिंग दी जा रही है। ट्रेनिंग के बाद सभी पुजारियों को मंदिरों में भेज दिया जाएगा, जहां सभी पूजा अर्चना करते हुए नजर आएंगे।

### 2014 में भर्ती, नौ साल बाद नियुक्ति

देवस्थान विभाग की ओर से 2014 में निकाली गई भर्ती में आधा दर्जन से अधिक एससी और एसटी समुदाय के लोगों का पुजारी के पद पर चयन हुआ है। अब ये प्रदेशभर के कई मंदिरों में पूजा- पाठ करेंगे और वहां की व्यवस्थाओं को संभालेंगे। देवस्थान विभाग की ओर से 65 पदों पर भर्ती की गई हैं। इनमें संभाग मुख्यालय पर 7 मैनेजर, मंदिरों के लिए 47 पुजारी और 11 सेवागीर शामिल हैं। इस भर्ती को पूरा होने में करीब 9 वर्ष का समय लग गया। इधर नौ साल के इंतजार के बाद मिली ज्वाइनिंग से पुजारियों के चेहरे खिल उठे।

> संविधान में सभी को समानता का अधिकार है। भर्ती का परिणाम भले ही देरी से आया हो, मगर अब भगवान की सेवा का मौका मिलेगा। इससे अच्छा सौभाग्य क्या ही हो सकता है। मैंने शिक्षक भर्ती में भी भाग लिया है। वहां मेरा सलेक्शन भी हो जाएगा तो भी मैं मंदिर में पुजारी के पद पर ही काम करुंगी।
>
> **दीपिका तंवर,**
> एससी कैंडिडेट पुजारी

> यह बहुत अच्छी पहल है। इससे समानता का भाव आएगा और दलित और सामान्य वर्ग के बीच की खाई को दूर किया जा सकेगा।
>
> **मनोज कुमार शर्मा,**
> ब्राह्मण कैंडिडेट पुजारी

### इससे पहले 1989 में हुई थी पुजारियों की भर्ती

देवस्थान विभाग की ओर से 2014 से पहले वर्ष 1989 में पुजारियों की भर्ती की गई थी। इसके अलावा 2022 सितंबर में परिणाम जारी होने के बाद प्रतिभागियों को जून, 2023 में ज्वाइनिंग दी गई है। गौरतलब है कि राजधानी समेत प्रदेशभर के मंदिरों में पुजारियों की कमी के चलते अधिकतर मंदिर समय पर नहीं खुलते थे। इसके अलावा यहां मंदिरों में भोग और आरती भी समय पर नहीं होती थी। अब नए पुजारियों की ज्वाइनिंग के बाद प्रदेश के अधिकतर मंदिरों की दशा सुधरेगी और वहां भक्त दर्शनों के लिए पहुंचेंगे।

## सरकार का विपक्ष पर 'पानी का प्रहार'



फोटो: राजेश कुमावत

- बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और पेपर लीक मामले में भाजपा ने सरकार को घेरा
- पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर रोका तो पुलिस और भाजपाइयों में हुई धक्का मुक्की
- प्रदर्शनकारी नहीं माने तो पुलिस ने किया 'वाटर प्रहार'

*राजधानी जयपुर में स्टेच्यू सर्किल पर प्रदर्शन कर रहे भाजपाइयों को पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग कर रोका।*

पेज 3 भी देखें

## अजमेर: होटलकर्मियों से मारपीट का मामला

# वीडियो वायरल होने के बाद IAS-IPS समेत 5 निलंबित

**बेधड़क** | जयपुर

अजमेर जिले में एक होटल में कर्मचारियों को कथित रूप से पीटने के मामले में विभागीय जांच लंबित रहने तक एक आईएएस और एक आईपीएस अधिकारी समेत पांच लोगों को मंगलवार को निलंबित कर दिया गया।

एक सरकारी आदेश के अनुसार निलंबित किए गए अधिकारियों में अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त गिरधर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुशील विश्नोई, पटवारी नरेंद्र सिंह दहिया, कांस्टेबल मुकेश कुमार व एलडीसी हनुमान प्रसाद चौधरी शामिल हैं। उधर, पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि इस मामले की की जांच अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) को सौंप दी है। इस बीच, अजमेर के पुलिस अधीक्षक चूनाराम जाट ने गेगल थाने के एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक (एएसआई) और दो कांस्टेबल को पुलिस लाइन भेजने का आदेश दिया है। तीनों कर्मियों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं।



सुशील विश्नोई



गिरधर

### क्या है मामला

अजमेर हाईवे स्थित होटल मकराना राज में रविवार रात करीब दो बजे इनका होटलकर्मियों से विवाद हो गया था। गिरधर पहले टोंक में पदस्थापित थे। टोंक के कर्मचारी उन्हीं के साथ आए थे। विवाद होने पर अधिकारी कार में सवार होकर रवाना हो गए। वह थोड़ी देर बाद पुलिस के साथ लौटे और होटल में उपस्थित कर्मचारियों की पिटाई की। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया। उधर, होटलकर्मियों के साथ मारपीट के मामले में पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राजपूत समाज ने मंगलवार को आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ से मुलाकात की। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बाद फिर एक्शन लिया गया।

# नीट में प्रभंजन जे और वरुण टॉपर

**बेधड़क** | जयपुर

देशभर के मेडिकल कॉलेजों में अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज की प्रवेश परीक्षा नीट-2023 में इस बार दो छात्रों ने देशभर में टॉप किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार रात नीट का रिजल्ट घोषित कर दिया। तमिलनाडु के प्रभंजन जे और आंध्र प्रदेश के बोरा वरुण चक्रवर्ती ने 720 में से 720 अंक हासिल कर परीक्षा में टॉप किया है। दोनों को 99.999901 परसेंटाइल मार्क्स मिले हैं। तीसरी रैंक पर 716 अंक हासिल कर तमिलनाडु के कौस्तव बौरी रहे हैं। राजस्थान के पार्थ खंडेलवाल ने 10वीं रैंक हासिल की है। पार्थ को 715 अंक मिले हैं। इस वर्ष नीट में 56.21 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं।

पेज 5 भी देखें



## IMD ने जारी किया अलर्ट

# चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' हुआ और खतरनाक, एनडीआरएफ मुस्तैद


- 15 जून को सौराष्ट्र तथा कच्छ के तटों को पार करने की संभावना
- तटवर्ती इलाकों में आ सकती हैं छह मीटर ऊंची लहरें
- गिर राष्ट्रीय उद्यान और सोमनाथ मंदिर पर निगरानी की सिफारिश

**एजेंसी** | नई दिल्ली

चक्रवात 'बिपारजॉय' से व्यापक क्षति होने की आशंका है और गुजरात के कच्छ, देवभूमि द्वारका और जामनगर जिले इससे सबसे अधिक प्रभावित हो सकते हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक 'बिपरजॉय' के एक बेहद गंभीर चक्रवात के रूप में 15 जून की शाम को जखाऊ बंदरगाह के पास सौराष्ट्र तथा कच्छ के तटों को पार करने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक हवाएं चलने के आसार हैं।

आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि इससे संभवतः काफी अधिक नुकसान हो सकता है। गुजरात में कच्छ, देवभूमि द्वारका, जामनगर जिलों में 15 जून तक 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हो सकती है। आमतौर पर इतनी तेज बारिश नहीं होती है। इसलिए, निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा है। साथ ही राजकोट, मोरबी और जूनागढ़ में भारी से अधिक भारी बारिश होने के आसार हैं। इन जिलों में 15 जून को 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। सौराष्ट्र, कच्छ के निचले तटवर्ती इलाकों में छह मीटर ऊंची ज्वारीय लहरें आ सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों से लोगों को निकालने के लिए कदम उठाने और अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने का सुझाव दिया गया है। मौसम विभाग ने दुनिया में एशियाई शेरों का एकमात्र ज्ञात निवास स्थान गिर राष्ट्रीय उद्यान और अन्य प्रसिद्ध स्थानों जैसे सोमनाथ मंदिर में स्थिति की बारीकी से निगरानी करने की सिफारिश की है।

इस बीच, भारतीय तट रक्षक ने द्वारका तट से 40 किमी दूर तेल निकालने के लिए समुद्र पर बनाए गए प्लेटफॉर्म (ऑयल रिग) से 50 कर्मचारियों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।



@ कच्छ

### 30,000 लोगों को अस्थायी आश्रय स्थलों में किया स्थानांतरित

**जखाऊ/ अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में जखाऊ बंदरगाह के निकट शक्तिशाली चक्रवात 'बिपारजॉय' के संभावित आगमन से दो दिन पहले अधिकारियों ने मंगलवार को तटीय क्षेत्रों से 30,000 लोगों को अस्थायी आश्रय स्थलों में स्थानांतरित कर दिया। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य तट से 10 किमी के इलाके में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि अब तक चक्रवात से संबंधित एक मौत दर्ज की गई है। सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र के तटीय हिस्सों, खासकर कच्छ, पोरबंदर और देवभूमि द्वारका जिलों में तेज हवाओं के साथ बेहद भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। आईएमडी की निदेशक मनोरमा मोहंती ने कहा कि चक्रवात के दस्तक देने और कमजोर होने के बाद, इसके उत्तर-पूर्व और दक्षिण राजस्थान की ओर बढ़ने की आशंका है।

### बचाव अभियान दो चरणों में

गुजरात में बचाव अभियान दो चरणों में शुरू किया गया है। सबसे पहले समुद्र तट से पांच किमी तक की दूरी पर रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाएगा। इसके बाद तट से पांच से 10 किमी की दूरी पर रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाएगा। सरकार ने कहा है कि प्रभावित जिलों देवभूमि द्वारका, राजकोट, जामनगर, जूनागढ़, पोरबंदर, मोरबी और वलसाड में एनडीआरएफ की टीमे पूरी तरह तैयार हैं।

## जरूरी खबर

### जयपुर डिस्कॉम में 6 आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति




**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम में मृतक कर्मचारियों के 6 आश्रितों को अनुकम्पा के आधार पर परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में विभिन्न पदों पर नियुक्ति दी गई है। सभी नवनियुक्त को अपने पदस्थापित स्थान पर आदेश जारी होने की तिथि से एक माह के भीतर कार्यग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक आर.एन.कुमावत ने बताया कि निगम के मृतक कर्मचारियों के आश्रितों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करते हुए 4 आश्रितों को वाणिज्यिक सहायक द्वितीय और 2 को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर नियुक्ति दी गई है।

### तबादलों के लिए शिक्षक संघ फिर करेगा आंदोलन

**जयपुर।** लंबे समय से तबादलों का इंतजार कर रहे तृतीय श्रेणी शिक्षक एक बार फिर आंदोलन की राह पकड़ते नजर आ रहे हैं। राजस्थान एकीकृत शिक्षक महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष हरपाल दादरवाल ने बताया कि सरकार ना ही 85,000 शिक्षकों के ट्रांसफर कर रही है और नहीं न स्थानांतरण आवेदनों के बारे में कुछ बता रही है। तृतीय श्रेणी के शिक्षक रीट भर्ती में नव चयनितों को नियुक्ति देने से पहले ट्रांसफर करने की मांग कर रहे हैं। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए शिक्षक महासंघ ने पहले भी कई बार आंदोलन किए हैं। वहीं शिक्षक महासंघ ने अब 19 जून को जयपुर में आंदोलन की घोषणा की है।

### उचित मुल्य दुकान का अनुकंपा के आधार पर आवंटन



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने संवेदनशील निर्णय लेते हुए अनुकम्पात्मक आधार पर उचित मूल्य दुकान आवंटन के 56 प्रकरणों में शिथिलता प्रदान की है। गहलोत के इस निर्णय से मृतक राशन डीलरों के आश्रितों को संबल मिलेगा। मुख्यमंत्री ने डीलर की 60 वर्ष से अधिक आयु में मृत्यु, शैक्षणिक योग्यता और आवेदन की अवधि में देरी के प्रकरणों में शिथिलता दी है। गहलोत के इस निर्णय से इन आश्रित परिवारों को उचित मूल्य की दुकान का अनुकम्पात्मक आधार पर आवंटन संभव हो सकेगा। उन्हें आजीविका अर्जन में आसानी होगी।

---

**कांग्रेस की यूथ ब्रिगेड की बैठक 'प्रतिज्ञा' कल,** विधानसभा चुनाव को लेकर सौंपी जाएंगी जिम्मेदारियां

# 75 लाख नए युवा वोटर्स को साधेंगे तीन कार्यकारी अध्यक्ष

■ प्रदेशाध्यक्ष का फाइनल रिजल्ट आने तक कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान युवा कांग्रेस के चुनावों के बाद पहली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक "प्रतिज्ञा' गुरुवार को होगी। प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक से पहले युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने पदाधिकारियों से चर्चा कर जिम्मेदारियां सौंपी।




इसके तहत प्रदेशाध्यक्ष पद के टॉप थ्री कैंडिडेट अभिमन्यु पूनियां, सुधींद्र मूंड और यशवीर सूरा को फाइनल रिजल्ट आने तक कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। इन तीनों को विधानसभा चुनाव में 75 लाख नए युवा वोटर्स को साधने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रभारी मोहम्मद ने बताया कि गुरुवार को जयपुर के इंदिरा गांधी पंचायती राज-ग्रामीण विकास संस्थान में युवक कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की पहली बैठक होगी। बैठक को "प्रतिज्ञा' नाम दिया गया है। इस बैठक में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय सचिव सहित राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

#### तीनों कार्यकारी अध्यक्षों को 13-13 जिलों की जिम्मेदारियां

नए कार्यकारी अध्यक्ष अभिमन्यु पूनियां, सुधींद्र मूंड और यशवीर सूरा को 13 -13 जिलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभिमन्यु पूनियां को बीकानेर-जोधपुर सम्भाग और नागौर जिले, सुधींद्र मूंड को जयपुर, भरतपुर और अजमेर सम्भाग की जिम्मेदारी गई है। वहीं यशवीर सूरा को कोटा, उदयपुर और अजमेर संभाग का जिम्मा सौंपा गया है। कार्यकारी अध्यक्ष को यूथ कांग्रेस के सह प्रभारियों वंदना बैन, धीरज सिंह और रिसेन्द्र मेहर के साथ अटैच किया गया है।

#### आगामी चुनावों को लेकर होगी चर्चा

कार्यकरिणी की बैठक में प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पर चर्चा होगी। वहीं प्रदेश की कांग्रेस सरकार की ओर से प्रदेश में लागू की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी। इन योजनाओं को प्रदेश में लागू करने के लिए युवक कांग्रेस बैठक में राज्य सरकार के लिए धन्यवाद प्रस्ताव भी लाएगी। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में युवक कांग्रेस में बेहतर काम करने वाले युवाओं को टिकट देने पर भी मंथन किया जाएगा।

#### नए वोटर्स को साधने का करेंगे जुगाड़

बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों में 75 लाख नए वोटर्स को साधने को लेकर रणनीति बनेगी। वहीं नए वोटर्स को कांग्रेस के समर्थन में वोटिंग करवाने को लेकर प्रदेश स्तर के कई काम शुरू होंगे। वोटर्स को जोड़ने के लिए सोशल मिडिया पर अभियान चलाकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाएंगे।

---

**गहलोत का उदयपुर दौरा:** सर्किट हाउस में की जनसुवाई

# जनता को राहत देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: CM

■ जनाना अस्पताल के पुराने भवन का लिया जायजा, नए भवन के निर्माण को लेकर निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को उदयपुर दौरे पर रहे। इस दौरान सीएम गहलोत ने उदयपुर सर्किट हाउस में जनसुनवाई की।

जहां आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी ली और उनके तुरंत निस्तारण को लेकर दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जनता को राहत देना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएम ने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का तुरंत उचित समाधान हो और राहत मिले, इसके लिए अधिकारी समर्पित रहें।

जनसुनवाई में संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, रेंज आईजी अजयपाल लांबा, जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा, एसपी भुवन भूषण यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे और परिवेदनाओं के संबंध में जानकारी दी।



#### सरकार के काम से जनता खुश

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। सरकार की योजनाओं से जनता खुश है। प्रदेशवासियों की दुआएं मेरे साथ हैं। मुख्यमंत्री ने आमजन को राहत पहुंचाने की सरकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राजस्थान अपनी योजनाओं के दम पर देश में रोल मॉडल बन गया है। आज देश में ऐसा कोई राज्य नहीं है, जो 25 लाख रुपए तक फ्री इलाज दे रहा है। हम 500 रुपए में गैस सिलेंडर दे रहे हैं, गोशालाओं को लेकर अनुदान भी दिया जा रहा है। महंगाई राहत शिविर की देश भर में चर्चा हो रही है। हमारा वित्तीय प्रबंधन शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली के उत्पादन से लेकर पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इसके अलावा सोशल सिक्योरिटी के जरिए एक करोड़ लोगों को पेंशन पहुंचाई जा रही है।

#### भवन निर्माण के लिए स्वीकृत किए गए हैं 30 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकित्सालय परिसर में जनाना अस्पताल के पुराने भवन का जायजा लिया। उन्होंने इसके जीर्णोद्धार व नवीन भवन के निर्माण को लेकर अधिकारियों से चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए। गहलोत ने वर्ष 1956 में निर्मित अस्पताल के क्षतिग्रस्त पुराने भवन की वर्तमान स्थिति और भावी कार्ययोजना के संबंध में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा व पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता अशोक शर्मा ने प्रस्तावित भवन और सुविधाओं की तकनीकी जानकारी दी। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने भवन निर्माण के लिए 30 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। आवश्यकता होने पर और राशि स्वीकृत की जाएगी।

---

**खत्म कराया** कर्मचारी आंदोलन

# एक बार फिर से सीएम गहलोत के 'हनुमान' बने राठौड़

■ सरकार को कई बार मुश्किल दौर से निकालने में निभाई अहम भूमिका

**बेधड़क** | जयपुर



आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ एक बार फिर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हनुमान साबित हुए। मुख्यमंत्री गहलोत का आदेश मिलते ही राठौड़ तुरंत आंदोलनकारियों के संपर्क में आए और उनसे बातचीत कर समझौते का रास्ता निकालने के प्रयास में जुट गए।

समय लगा, लेकिन राठौड़ आंदोलनकारियों को समझाने में सफल रहे। कर्मचारियों की मांगों को लेकर सहमति बनवाई और इस तरह लंबे समय से चल रहे मंत्रालयिक कर्मचारियों के आंदोलन का शांतिपूर्वक समापन करवाया। सरकार के लिए सरकारी कर्मचारियों का आंदोलन चुनावी साल में चुनौती बना हुआ था। मंत्रालयिक कर्मचारी दो महीने से भी ज्यादा समय से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन पर थे। राठौड़ 2020 से लगातार संकट मोचक की भूमिका निभाते आ रहे हैं। जब सरकार गिराने की कोशिश की गई तो उन्होंने उस समय भी सरकार बचाने के लिए अहम भूमिका निभाई। इसके बाद जब भी सरकार किसी भी आंदोलन को लेकर दुविधा में होती है तो राठौड़ संकट मोचक के रूप में सामने आते हैं।

यही नहीं उप चुनावों में भी मुख्यमंत्री गहलोत भरोसा कर उन्हें अलग से जिम्मेदारी सौंपते हैं, जिसमें वह सफल भी रहते हैं। कर्मचारी नेता से राजनेता बने राठौड़ इन दिनों अजमेर को अपनी कर्मस्थली बना चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे हैं। आरटीडीसी अध्यक्ष बनने के बाद धर्मेंद्र राठौड़ ने प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

---

**झारखंड में राजे ने गिनाई** केंद्र की 9 साल की उपलब्धियां

# खुद का नहीं, लोगों का पेट भरे फिर से ऐसी सरकार बने: राजे

**बेधड़क** | जयपुर/झारखंड

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे मंगलवार को झारखंड के देवघर शहर में मोदी सरकार के 9 साल के उपलक्ष्य में आयोजित महा जनसम्पर्क अभियान में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ऐसी ही सरकार बनानी है, जो खुद का नहीं, देश का विकास करे।

जो खुद का नहीं, लोगों का पेट भरे। जो खुद के लिए नहीं, देश की जनता के लिए सोचे। जो खुद का नहीं, देश का भला करे। ये सिर्फ नरेंद्र मोदी की एनडीए सरकार ही कर सकती है।



इस अवसर पर हुई सभा में आए लोगों को राजे ने बताया कि नरेंद्र मोदी के 9 साल, सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की चर्चा देश में ही नहीं विदेशों में भी हो रही है। मोदी भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में सबसे ताकतवर और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे हैं। राजे ने इस दौरान केंद्र सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में भी बताया।

---

**सरकार का 60 दिवसीय** तम्बाकू फ्री युवा कैम्पेन

# अभियान के 14 दिन बाद जागा प्रशासन, कार्रवाई करने के दिए दिशा-निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के युवा वर्ग को तम्बाकू से दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग कितना गंभीर है, इसकी बानगी मंगलवार को देखने को मिली।

तम्बाकू की लत में जकड़े युवाओं के लिए सरकार की ओर से 60 दिन का तम्बाकू फ्री कैम्पेन चलाया जा रहा है, लेकिन कैम्पेन के 14 दिन गुजरने के बाद प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा और दवा नियंत्रण विभाग को भी कार्रवाई के लिए निर्देश दिए हैं। जबकि सरकारी



आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में 13 से 15 वर्ष उम्र तक के बच्चों में राष्ट्रीय दर 4.1 प्रतिशत है और युवा वर्ग के तम्बाकू सेवन में दिनों दिन बढ़ोत्तरी हो रही है।

इस संबंध में मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्त शिवप्रसाद नकाते ने मंगलवार को वीडियो क्रांफ्रेसिंग के जरिए सभी जिलों के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों तथा औषधि नियंत्रण अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में मौजूद सभी अधिकारियों को अभियान में तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता, तंबाकू उत्पादों की बिक्री, सेवन और विज्ञापन करने पर कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

संयुक्त रूप से चलने वाले इस अभियान में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण की टीम अधिनियम के अनुसार युवाओं से संवाद, बेचने वालों पर चालान कार्यवाही और सैंपल कलेक्शन करेगी।

---

**राज्य सरकार का नया फैसला**

# रोड सेफ्टी टास्क फोर्स का होगा गठन, सड़क सुरक्षा के लिए होगा काम

■ 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में 50 प्रतिशत कमी लाने का लक्ष्य

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए जिला स्तर पर रोड सेफ्टी टास्क फोर्स के गठन की मंजूरी दी है। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग जिला सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स का प्रशासनिक विभाग होगा।



संबंधित जिले के जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन होगा।

इसमें जिला पुलिस अधीक्षक, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मुख्यालय के नगरीय निकाय के आयुक्त, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, जिला मुख्यालय के विकास प्राधिकरण, नगर विकास न्यास के सचिव, स्वायत्त शासन विभाग के अधिशाषी अभियंता, माध्यमिक शिक्षा के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला अस्पताल के अधीक्षक/प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, एन.आई.सी के सदस्य, एनएचएआई के परियोजना निदेशक तथा आईरेड,ई-डार प्रतिनिधि सदस्य होंगे।

सड़क सुरक्षा क्षेत्र में कार्यरत एक गैर सरकारी संस्था के विशेषज्ञ प्रतिनिधि तथा दो सड़क सुरक्षा सलाहकार इस टास्क फोर्स में आमंत्रित एवं जिला व प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। जिला कलेक्टर टास्क फोर्स की बैठक में किसी भी संबंधित विभाग के प्रतिनिधि को आमंत्रित तथा फोर्स के कार्यों के लिए निर्देशित कर सकेंगे। प्रदेश में हर साल हजारों जाने सड़क दुर्घटना में चली जाती हैं। सरकार ने सड़क हादसों को रोकने के लिए यह विशेष कदम उठाया हैं।

#### प्रत्येक 3 माह में करनी होगी एक बार बैठक

प्रत्येक 3 माह में टास्क फोर्स की कम से कम एक बार बैठक आयोजित होगी। टास्क फोर्स जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु दर में वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत की कमी लाने के लिए वार्षिक कार्य योजना की प्रभावी क्रियान्विति, समिति के निर्णयों की सुनिश्चित क्रियान्विति, नियमित पर्यवेक्षण, सड़क सुरक्षा ऑडिट करवाकर ऑडिट अनुशंसाओं की समयबद्ध पालना, उच्चतम न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति के निर्देशों की अनुपालना, सड़क सुरक्षा से संबंधित राज्य की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार, जन जागरुकता अभियान का आयोजन तथा पूरे साल विशेष प्रवर्तन अभियान संचालित करने आदि दायित्वों का निर्वहन करेगी।

#### 3 साल के लिए होगा कार्यकाल

सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में गठित जिला सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स का कार्यकाल कुल तीन वर्ष का होगा। टास्क फोर्स की ओर से किए जाने वाले कार्यों में अनुसंधान, विश्लेषण, इम्पेक्ट असेसमेंट, फील्ड सर्वे, अध्ययन आदि कार्यों के लिए विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों के विशेषज्ञों की सेवाओं के उपयोग के लिए समन्वय स्थापित करना शामिल है। साथ ही, सड़क सुरक्षा को लेकर संबंधित कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण के लिए सड़क सुरक्षा सलाहकार की सेवाएं ली जा सकेंगी। इसी के साथ जिला सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए समय-समय पर आमजन को जागरूक करने का कार्य भी करेगी। इसके लिए कई तरह की गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ सचिवालय कूच:** प्रदर्शन से पहले भाजपा मुख्यालय के सामने की सभा

# सरकार को घेरने सड़क पर उतरी भाजपा

## पुलिस से धक्का-मुक्की, खदेड़ने को 'वाटर प्रहार'

**बेधड़क.जयपुर।** प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार और पेपर लीक को मुद्दा बनाकर कांग्रेस सरकार को घेरने के लिए भाजपा सड़कों पर उतरी। प्रदर्शन से पहले भाजपा मुख्यालय के सामने सभा हुई, जहां पर बीजेपी के विधायकों, पूर्व विधायकों और सांसदों, प्रदेश पदाधिकारियों ने संबोधित किया। वहां से सचिवालय घेराव करने के लिए नेता व कार्यकर्ता रवाना हुए। चौमूं हाउस सर्किल की ओर से जा रही इस रैली को पुलिस ने पहले तो स्टेच्यू सर्किल से कुछ पहले बेरिकेड्स लगाकर रोकने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस व भाजपाइयों में धक्का मुक्की और कहासुनी हुई। इस पहली बैरिकेडिंग को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उस पर चढ़कर पार कर लिया और आगे बढ़े। सर्किल से सचिवालय की ओर जाने वाले रास्ते पर तैनात जाप्ते और दूसरी बैरिकेडिंग पर पुलिस ने रोक लिया। जहां पर फिर कार्यकर्ता पुलिस से उलझे और नहीं माने तो उन्हें तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने करीब एक दर्जन से अधिक बार वाटर कैनन चलाकर पानी की बौछार की।

### भगदड़ मची, लेकिन नेता धरने पर बैठे



स्टेच्यू सर्किल पर भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी देर तक जोर अजमाईश चलती रही। इसके बाद भाजपा नेता और कार्यकर्ता सचिवालय की ओर आगे बढ़ गए, जहां पर कांग्रेस सरकार का पूतला फूंका। प्रदर्शनकारियों को आगे बढने से रोकने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन की बौछारें चलाई। इससे कार्यकर्ताओं में भगदड़ मच गई, लेकिन राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा, प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी और नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ वहीं धरने पर बैठ गए और इसके बाद नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक गिरफ्तारी दी।



फोटो: राजेश कुमावत



### जोशी के पीएसओ की सर्विस पिस्टल चोरी

सभा और सचिवालय घेराव के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी के पीएसओ (गनमैन) की सर्विस पिस्टल चोरी हो गई। इसकी अशोक नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि पीएसओ महेंद्र मीणा ने इस संबंध में मामला दर्ज करवाया है। इसमें बताया कि भीड़ में घुसे असामाजिक तत्वों ने कई लोगों की जेब पर भी हाथ साफ कर दिया।

### पुलिस ने पीठ थपथपाई

प्रदर्शन के बाद एडि. कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने लाउड स्पीकर पर कहा कि अगर मजबूती से डटे रहोगे तो किसी की हिम्मत नहीं की कोई उन्हें हिला सके। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी हिम्मत और जोश से काम करना है। एडि. कमिश्नर ने सभी पुलिसकर्मियों से उनके बेहतरीन कार्य के लिए ताली बजवाई और कहा कि बिना लाठीचार्ज के ही हम अपना काम करने में सफल रहे इसलिए अपने लिए सब ताली बजाएं।



### भजनलाल शर्मा एसएमएस में हुए भर्ती

प्रदर्शन के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा की अचानक तबीयत खराब हो गई। उन्हें घबराहट होने पर एसएमएस अस्पताल की इमरजेंसी में ले जाया गया, जहां से उनकी ईसीजी व शुगर टेस्ट करवाया गया। इस दौरान उनकी डायबिटिज बढ़ी हुई आई तो चिकित्सकों ने उन्हें कार्डियक आईसीयू में भर्ती कर ऑब्जर्वेशन में रखा। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित नेता प्रतिपक्ष राठौड़ व अन्य लोग कुशलक्षेम लेने के लिए एसएमएस अस्पताल पहुंचे।



**ये बोले जनप्रतिनिध**

### नाथी के बाड़े तक जाएगी ईडी: राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि भाजपा सचिवालय का दरवाजा खटखटाने आई है। यह भाजपा का ट्रेलर है, फिल्म अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि अब ईडी नाथी के बाड़े तक जाएगी, जिसके बाद सरगनाओं के चेहरे से नकाब हटेगा।

### प्रदेश बना घोटालों का गढ़: जोशी

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दो ही काम हैं कुशासन और भ्रष्टाचार। पेपर लीक, अवैध बजरी, सरकारी कार्यालयों में करोडों रुपए मिलने, परिवहन सहित इतने घोटाले हुए कि प्रदेश आज घोटालों का गढ़ बन चुका है।

### फाइल डालो, सोना निकालो: सिंह

राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि प्रदेश में घूसखोरी के मामले 22% बढ़े हैं। जयपुर में कांग्रेस का नया फॉर्मूला आया है, इधर से फाइल डालो, उधर से सोना निकालो।

### ईडी तैयारी के साथ आई

राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि पेपर लीक मामले में सरकार ने डीपी जारोली को क्लीन चिट दी। जारोली से अब ईडी पूछताछ करेगी। प्रदेश में ईडी तैयारी के साथ आई है।

### ये नेता भी बरसे सरकार पर

राष्ट्रीय मंत्री अलका गुर्जर, सांसद रामचरण बोहरा, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जसकौर मीणा, राजेन्द्र गहलोत, विधायक रामलाल शर्मा, कालीचरण सराफ, अशोक लाहोटी, निर्मल कुमावत, संजय शर्मा, मनजीत चैधरी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, अरुण चतुर्वेदी, राजपाल सिंह शेखावत, मोहनलाल गुप्ता, सुरेन्द्र पारीक, प्रेमचन्द बैरवा, ज्ञानदेव आहुजा, कन्हैयालाल, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, लक्ष्मीकान्त भारद्वाज, श्रवण सिंह बगडी, महेन्द्र यादव, श्याम अग्रवाल और महापौर सौम्या गुर्जर, उपमहापौर पुनीत कर्नावट, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, जयपुर शहर अध्यक्ष राघव शर्मा सहित कई लोग मौजूद रहे।

### प्रदर्शन विफल, आपस में फूट : डोटासरा

भाजपा के घेराव पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि विपक्षी पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं है और वह झूठ बोलकर राजस्थान को बदनाम कर रही है। पीसीसी में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में उन्होंने प्रदर्शन को पूरी तरह से विफल बताया। भाजपा ने नेताओं में फूट बताई । उन्होंने कहा कि मंच पर भाजपा का कोई भी ओबीसी नेता नहीं था। वसुंधरा राजे और सतीश पूनियां की अनुपस्थिति बताती है कि इनमे मतभेद नहीं मनभेद है।

---

**जरूरी खबर**

### जीरो सेटबैक पर बना निर्माण जेडीए ने किया सील



**जयपुर।** जेडीए ने मंगलवार को जोन-8 में बिना अनुमति के बनाई जा रही बिल्डिंग को सील किया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि जोन-8 के क्षेत्र में बनी योजना भैरव कॉलोनी मालपुरा गेट सांगानेर में करीब 40 वर्गगज पर व्यावसायिक गतिविधियों के लिए बिना स्वीकृति-अनुमोदन के जीरो सेटबैक पर बिल्डिंग बॉयलाज का उल्लंघन कर बड़ी अवैध बिल्डिंग बनाई जा रही थी।

**शहीद स्मारक के पास** धरने पर बैठे संविदाकर्मी

## नियमित करने की मांग को लेकर फिर किया प्रदर्शन

बेधड़क | जयपुर

सरकारी कार्यालय और विभागों में सविंदा पर काम करने वाले कार्मिक नियमित करने की मांग को लेकर एक बार फिर आंदोलन पर उतर गए।

मंगलवार को शहीद स्मारक पर संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के बैनर तले संविदाकर्मियों ने स्थायीकरण की मांग को लेकर धरना शुरू कर दिया। मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने चुनावी घोषणा पत्र में वादा किया था कि हमारी सरकार बनने पर समस्त संविदा कर्मियों को नियमित करेंगे, लेकिन सरकार 5 साल बाद फिर चुनावी मोड़ में आ गई, लेकिन नियमित नहीं किया। उन्होंने कहा कि सरकार संविदा से संविदा में रखकर उसे स्थायीकरण का नाम दे रही है, जबकि एक भी संविदाकर्मी स्थाई नहीं हुआ है। पंचायत शिक्षक संघ के संयोजक और मोर्चा के प्रवक्ता रामजीत पटेल ने बताया कि यह धरना सरकार द्वारा स्थाई करने तक अनवरत जारी रहेगा। इस दौरान सावल सिंह राठौड़, प्रमोद भिड़ा, राजवीर गुर्जर, पुखराज बेहरड़, गजराज यादव, मसूद भाई, बृजवासी, हुकमचंद माली, अमृत भोलूपुरा, जीतराम पहाड़ी सहित कई संविदाकर्मी धरने में मौजूद रहे।



**जेईसीसी में 16 से 18 तक होगा** किसान महोत्सव

## पशुपालकों को मिलेगी 'लंपी सहायता'

बेधड़क | जयपुर

राजधानी स्थित जेईसीसी में 16 से 18 जून तक किसान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यहां प्रदेशभर से आए विभिन्न प्रकार के उन्नत नस्लीय पशु पशुपालक और आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे। महोत्सव में 16 जून को राज्य स्तरीय लम्पी आर्थिक सहायता वितरण राशि कार्यक्रम होगा, जिसमें 42 हजार पात्र पशुपालकों के खातों में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 176 करोड़ रुपए की सहायता राशि सीधे पशुपालकों के खातों में हस्तांतरित की जाएगी।

महोत्सव में घोड़ी एवं ऊंट का नृत्य, मुर्रा नस्ल का भैंसवंशीय नर शूरवीर एवं राजा, लार्ज व्हाइट यार्कशायर कर, ग्रेजाइंट, सोवियत चिंचिला, व्हाइट जॉयन्ट, डच एवं ब्लैक ब्राउन नस्ल के खरगोश, दुम्बा, अविशान ,चोकला, नाली नस्ल की भेड़, व्हाइट लेगहॉर्न, कड़कनाथ, जापानी क्वेल, सोनाली, असील, टर्की नस्ल के कुक्कुट, साहीवाल, थारपारकर, राठी, गिर नस्लीय गौवंश के साथ जमुनापारी व सोजत नस्ल के बकरे-बकरी सहित अन्य पशु पशुपालकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

इसे लेकर मंगलवार को पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले ने समस्त ज़िलों के पशुपालन विभाग के अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने बताया कि 15 नए जिलों सहित 47 जिलों में लम्पी रोग आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने पशुपालन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तरीय अन्य विभागों के साथ आवश्यक एवं समुचित समन्वय स्थापित कर सभी पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. एनएम सिंह , वित्तीय सलाहकार मनोज शांडिल्य सहित अन्य उच्च अधिकारी मौजूद रहे।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीसी के जरिए हुए शामिल**

## राष्ट्रीय रोजगार मेले में सत्तर हजार युवाओं को सौंपे गए 'रोजगार पत्र'

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्रीय रोजगार मेले में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को लगभग 70,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए।

देश भर से चयनित युवा वित्तीय सेवा विभाग, डाक विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, रेल मंत्रालय, लेखा परीक्षण और लेखा विभाग, गृह मंत्रालय में नियुक्त होंगे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान देश भर के 43 स्थानों पर वीसी से संबोधित भी किया।



### जयपुर में 198 को दिए नियुक्ति पत्र

जयपुर में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, राजस्थान के संयोजन से राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में राष्ट्रीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा थे। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग के आर्थिक सलाहकार अभिजित फूकन, सीजीएसटी-सीबीआईसी के प्रधान आयुक्त चेतन कुमार जैन, एसएलबीसी राजस्थान संयोजक कमलेश कुमार चौधरी और महाप्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा भी उपस्थित रहे। मेले में 198 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए और 489 अभ्यर्थी व्यक्तिगत एवं वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में शामिल हुए। ये अभ्यर्थी डाक विभाग, भारतीय रेलवे-पूर्व, सैन्य अस्पताल सहित अन्य विभागों में नियुक्त किए गए हैं

### जोधपुर में केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने 135 युवाओं को दिए नियुक्ति पत्र

जोधपुर में आयोजित राष्ट्रीय रोजगार मेले में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने 135 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए। इस अवसर पर मंत्री शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार ने नौकरियों में पारदर्शिता लाने का काम किया है। नियुक्ति प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने का काम किया है। यही कारण है कि अब युवाओं को नौकरियों में सिफारिश के लिए अफसरों और नेताओं के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे। शेखावत ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार रोज ढाई से तीन हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है। आने वाले समय में विकसित भारत बनाने का सपना प्रधानमंत्री मोदी की आंखों से देश ने देखा है। उन सपनों की आवश्यकता के अनुरूप भारत में संसाधन विकसित करने के प्रयास हो रहे हैं। कार्यक्रम में राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार जैन, वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार डायरेक्टर बैंकिंग ऑपरेशन हार्दिक मुकेश सेठ, जोधपुर मण्डल रेल प्रबन्धक पंकज कुमार सिंह, बैंक ऑफ बड़ोदा उपमहाप्रबंधक सुरेश चन्द्र बुंटोलिया भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में डीआरडीओ, भारतीय स्टेट बैंक, भारतीय रेल, एम्स जोधपुर, भारतीय पोस्ट, आईआईटी जोधपुर एवं राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक, यूको बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में विभिन्न पदों पर चयनित 135 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए।

### अजमेर में 83 को सौंपे नियुक्ति पत्र

अजमेर में आयोजित रोजगार मेले में 83 अभ्यर्थियों को केंद्रीय कानून राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। अजमेर के जवाहर रंगमंच में आयोजित समारोह में सांसद भगीरथ चौधरी, विधायक अनिता भदेल, महापौर ब्रजलता हाडा, उपमहापौर नीरज जैन व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक व बैंक ऑफ बड़ौदा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मेघवाल ने कहा कि राष्ट्र के विकास में युवाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर 83 अभ्यर्थियों को भारतीय रेलवे, डाक विभाग, केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग व विभिन्न बैंकों में नियुक्तियों के पत्र सौंपे गए।

## जरूरी खबर

### लग्जरी कार में डोडा-पोस्त ले जाते 3 आरोपि दबोचे



**जोधपुर।** जिले की ग्रामीण लोहावट थाना पुलिस ने लग्जरी कार में अवैध डोडा-पोस्त ले जाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। वहीं कार को भी जब्त किया गया है। पुलिस आरोपियों से मादक पदार्थ खरीदने के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने कार सवार अशोक कुमार निवासी भादुओं की ढाणियां, जसराज शर्मा निवासी गांव तलिया, गोपाल विश्नोई निवासी भादूओं की ढाणियां को गिरफ्तार किया है। फिलहाल नशे की सप्लाई को लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

### आलनपुर बैंक डकैती का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**सवाई माधोपुर।** शहर में आलनपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में 21 अक्टूबर 2022 को हथियारों के दम पर 7 लाख रुपए की डकैती के मामले में 2500 रुपए के इनामी बदमाश गोविंद उर्फ मेंढक बावरिया निवासी हम्मीर पुलिया के पास कच्ची बस्ती को पुलिस ने बूंदी जिले के लाखेरी थाना इलाके से गिरफ्तार किया है। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला ने बताया कि हम्मीर पुलिया निवासी गोकुल बावरी, मेंढक उर्फ गोविंद, जुगनू, दिलीप और श्याम बावरी हथियारों से लैस हो कर आलनपुर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा पहुंचे थे और शाखा प्रबंधक मनोज जैन की कनपटी पर बंदूक लगा 6.73 लाख रुपए लूट कर ले गए थे।

### डिप्रेशन में आए युवक ने मौत को गले लगाया




**चित्तौड़गढ़।** शंभूपुरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने डिप्रेशन में आकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले आए, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी कुछ समय पहले नाते चली गई थी। इसके बाद से वह डिप्रेशन में था। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा दिया। जानकारी के अनुसार सामरी गांव निवासी 22 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र चंपालाल गुर्जर को मंगलवार तड़के जिला चिकित्सालय लाया गया। वह बुरी तरह से तड़प रहा था। उसे तत्काल गहन चिकित्सा इकाई में शिफ्ट किया गया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

**मातृ वंदना योजना: सांसद जसकौर मीणा ने गोद भराई समारोह की फोटो शेयर की तो प्रधानमंत्री मोदी ने कहा...**

# दौसा की अनूठी पहल इस योजना को नई ऊर्जा देने वाली है

**बेधड़क** | दौसा

कामकाजी गर्भवती महिलाओं को गर्भधारण अवस्था के दौरान मजदूरी के नुकसान से बचाने और उनके उचित पोषण को सुनिश्चत करने तथा आर्थिक सहायता देने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार की ओर से चलाई जा रही 'मातृ वंदना योजना' से महिलाओं को हो रहे फायदों को देखकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुशी जताई है।



दरअसल दौसा में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को 'गोद भराई समारोह' के रूप में मनाने की नई पहल की की गई है। इसकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सराहना की है। दौसा से लोकसभा सांसद जसकौर मीणा ने एक ट्वीट थ्रेड में बताया कि दौसा में लोग प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को 'गोद भराई' समारोह के रूप में मनाते हैं। सांसद ने यह भी बताया कि राजस्थान में 2022-23 के दौरान इस योजना से करीब साढ़े 3 लाख महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। दरअसल प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत दौसा लोकसभा क्षेत्र में सामूहिक रूप से गर्भवती महिलाओं को एक जगह एकत्रित किया जाता है, जहां ढोल नगाड़े बजाकर गोद भराई की रस्म अदा की जाती है। महिलाएं मंगल गीत गाते हुए गर्भवती महिलाओं की हौसला अफजाई करती हैं, ताकि गर्भवती महिलाएं या परिवार की अन्य महिलाएं इसके प्रति जागरूक हो सकें।

इस योजना का उद्देश्य काम करने वाली महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई व उनके उचित आराम और पोषण को सुनिश्चित करना है।

### इस तरह मिलता है योजना का लाभ

इस योजना से गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पहले जीवित बच्चे के जन्म के दौरान योजना की लाभ राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के बैंक खाते में सीधे भेजी जाती है। पहली किस्त के रूप में 1000 रुपए गर्भावस्था के पंजीकरण के समय, दूसरी किस्त 2000 रुपए मिलते हैं, यदि लाभार्थी छह महीने की गर्भावस्था के बाद कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच कर लेते हैं और तीसरी किस्त के रूप में दो हजार रुपए, जब बच्चे का जन्म पंजीकृत हो जाता है और बच्चे को बीसीजी, ओपीवी, डीपीटी और हेपेटाइटिस-B सहित पहले टीके का चक्र शुरू होता है।

### पीएम ने ट्वीट थ्रेड का ये दिया जवाब

सांसद जसकौर की ओर से किए गए ट्वीट थ्रेड का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि 'दौसा की यह अनूठी पहल प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को नई ऊर्जा देने वाली है। इससे माताओं और शिशुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।'

### माताओं और शिशुओं की सुरक्षा के दिखेंगे परिणाम

पीएम मोदी के ट्वीट पर सांसद जसकौर ने रिप्लाई करते हुए लिखा, मातृ वंदना एक माता की ही नहीं अपितु प्रथम गुरु, प्रथम आदिशक्ति और प्रथम संवेदना की वंदना है। इस योजना को सभी माताओं के हितार्थ लागू करने का विचार स्वयं अपनी माता का वंदन करने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हृदय में ही आ सकता था। इससे माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य-सुरक्षा के प्रति हमारे प्रयास और परिणाम सुनिश्चित होंगे।

**पुश्तैनी जमीन को लेकर हुई कहासुनी मारपीट में बदली**

# जमीन विवाद में भिड़े दो पक्ष फायरिंग व पथराव से दहशत

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में मंगलवार को एक ही परिवार के दो पक्ष पुश्तैनी जमीन के विवाद को लेकर आमने-सामने हो गए। इस दौरान हुई कहासुनी मारपीट में बदल गई। देखते ही देखते एक-दूसरे पर पत्थराव शुरू हो गया और फायरिंग होने लगी।

एकदम से गरमाए माहौल से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जैसे-तैसे स्थिति को काबू किया। मामला बाड़ी कोतवाली थाना इलाके के महाराज बाग का है, जहां जमीनी विवाद में दो पक्षों में पथराव और फायरिंग हो गई।

पथराव में कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं और एक चौपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने कुछ उपद्रवियों को हिरासत में लेकर जाब्ता तैनात कर दिया।

जानकारी में सामने आया है कि धारा सिंह पक्ष के लोगों विवादित भूखंड पर बोरवेल लगाने की तैयारी कर रहे थे, इस पर भैरव सिंह पक्ष के लोग विरोध करने पहुंच गए।



### भूमि बंटवारे का चल रहा है विवाद

थाना प्रभारी महेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि धारा गुर्जर एवं भैरव सिंह गुर्जर, दोनों एक ही परिवार से ताल्लुक रखते हैं। दोनों के परिवारों में पुश्तैनी जमीन के बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को महाराज बाग के पास दोनों पक्ष एकत्र हुए थे। यहां बेशकीमती जगह होने की वजह से एक भूखंड पर दोनों पक्ष अपना-अपना हक जताते हुए दावा करने लग गए। इसके चलते दोनों पक्षों में तू-तू मैं-मैं के साथ गाली-गलौच शुरू हो गई। कहासुनी के दौरान दोनों पक्ष एक-दूसरे पर पथराव करने लगे। इससे आस-पास के लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ समय के बाद दोनों पक्ष हथियारों से एक-दूसरे को टारगेट कर फायरिंग भी करने लगे। फायरिंग से इलाके में दहशत का फैल गई। आधे घंटे तक उपद्रवियों ने जमकर उत्पात मचाया। थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि कुछ उपद्रवियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इन पर मामला दर्ज कर कार्रवाई जाएगी।

## चचेरे भाई की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

■ बिजली कनेक्शन लगाने को लेकर हुआ था विवाद

**बेधड़क** | टोंक

जिले में आपसी कहासुनी के बाद हुए झगड़े में एक भाई ने दूसरे भाई की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या कर दी। वारदात के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों ने 10-12 आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने 4 आरोपियों को डिटेन किया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

घटना टोंक जिले के बरौनी थाना क्षेत्र के सिरस गांव की है। थाना प्रभारी हरिराम वर्मा ने बताया कि सिरस गांव निवासी मोतीलाल (50) पुत्र छोटूलाल अपने खेत पर बिजली कनेक्शन लगाना चाह रहा था, लेकिन उसके ताऊ के बेटे भगवान जाट ने अपनी जमीन बताते हुए मना कर दिया। इसको लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। इस दौरान मोतीलाल जाट ने भगवान जाट से मारपीट कर दी।

गुस्साएं भगवान ने वहां खडे ट्रैक्टर से मोतीलाल को कुचल दिया। परिजनों ने मोतीलाल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर हालत में उसको जयपुर रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते मे ही उसने दम तोड़ा दिया। मृतक के परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। समझाइश के बाद वे शव लेकर गए।

**सर्वसमाज ने किया था बंद का आह्वान**

## कांग्रेस नेता गौरव शर्मा की हत्या के विरोध में बंद रहा बारां



**बेधड़क** | बारां

जिले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष और नगर परिषद के पूर्व उपसभापति गौरव शर्मा की हत्या के विरोध में मंगलवार को सर्वसमाज ने बारां शहर को बंद रखकर प्रदर्शन किया।

बंद को व्यापारियों का पूरा समर्थन मिला। इसके चलते पूरे दिन बाजार बंद रहे। वहीं शहर में विभिन्न जगहों पर रैलियां निकालकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन भी किया। लोगों के भारी विरोध को देखते ही ऐतियात के तौर पर पुलिस का भारी बंदोबस्त रहा। हत्या कांड के अरोपी राजेंद्र मीणा और उसके सहयोगी रामकुंवार मीणा को फांसी देने और सीबीआई से जांच करवाने की मांग करवाने के समर्थन में नारेबाजी की।

बंद के आह्वान के बाद सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजारों की दुकानें बंद रहीं। शहर में सर्व समाज के लोग प्रताप चौक पर एकत्रित हुए और रैली निकाली गई। मेन मार्केट, अस्पताल रोड, प्रताप चौक, धर्मादा चौराहा, सदर बाजार, चौमुखा बाजार, इंदिरा मार्केट, शास्त्री मार्केट समेत मुख्य बाजार बंद नजर आए।

### ये है मामला

बारां में 7 जून को जमीन के विवाद को लेकर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव शर्मा पर कांग्रेस महासचिव राजेंद्र मीणा ने फायरिंग कर दी थी। इसके बाद गंभीर हालत में उन्हें कोटा रेफर किया गया। 8 जून को अस्पताल में गौरव शर्मा ने दम तोड़ दिया।

**गरमाया माहौल: टांई गांव में सर्वसमाज के लोग हुए लामबंद**

## गोचर भूमि पर कब्जे का प्रयास विफल

**बेधड़क** | झुंझुनूं

जिले के टांई गांव में गोचर भूमि पर कब्रिस्तान के नाम से तारबंदी करने के विरोध में सर्वसमाज के लोग लामबंद हो गए और भूमि पर जबरन कब्जा करने के प्रयास को विफल कर दिया। इस दौरान गांव में तनाव और अराजकता का माहौल बन गया।



हालांकि गांव के बड़े बुजुर्गों ने हालात की गंभीरता को देखते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखा। गोचर भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शेखावत (पूर्व पुलिस उपाधीक्षक) ने बताया कि गांव में बाबा रामदेव और गोगामेड़ी मंदिर के पीछे करीब 70 बीघा चरागाह भूमि है। रविवार को यहां एक समुदाय विशेष के लोगों ने खंभे गाड़कर तारबंदी करना शुरू किया।

इस अवैध कब्जे और अतिक्रमण के प्रयासों की जानकारी मिलने पर गांव में रोष फैल गया और बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग एकत्र हो गए। देखते ही देखते कुछ ही देर में विवाद शुरू हो गया। हालांकि वरिष्ठ नागरिकों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शांति कायम रखने की पहल की। विरोध को देखते हुए भूमि पर कब्जा करने आए लोग तार आदि लेकर वहां से चले गए। इधर, गांव में दो दिन से लगातार सर्वसमाज की बैठक में शांति और भाईचारा कायम रखने का प्रयास किया जा रहा है।

संघर्ष समिति की ओर से मंगलवार को आयोजित बैठक में गांव के वीरेन्द्र सिंह तंवर, सोनू उपाध्याय, नन्दलाल कुमावत, पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सिंह, मनोहर सिंह, कल्याण मल राणा, बलबीर सिंह, हरलाल धायल और परमेश्वर जांगिड़ सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। शेखावत ने बताया कि बुधवार को महंगाई राहत शिविर में अधिकारियों को ज्ञापन देकर मामले के शांतिपूर्ण निस्तारण की मांग की जाएगी।

**जोधपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई**

## कार्यवाहक सरपंच 53 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले में एसीबी ने मंगलवार को ग्राम पंचायत बेलवा खत्रिया के कार्यवाहक सरपंच को 53 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी दो पट्टे जारी करने की एवज में परिवादी से रिश्वत की मांग कर रहा था। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि जोधपुर ग्रामीण एसीबी को शिकायत मिली कि कब्जाशुदा पैतृक भूखंड के दो पट्टे जारी करने की एवज में बालेसर तहसील की



ग्राम पंचायत बेलवा खत्रिया का कार्यवाहक सरपंच सेठाराम माली 55 हजार रुपए रिश्वत मांग रहा है।

इस पर एसीबी जोधपुर के आईजी सवाई सिंह गोदारा के सुपरविजन में एसीबी जोधपुर-ग्रामीण इकाई के एएसपी ओमप्रकाश चौधरी के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन करवाया गया। शिकायत सही पाए जाने पर एसीबी की टीम ने मंगलवार सुबह ट्रैप की कार्रवाई करते हुए कार्यवाहक सरपंच सेठाराम माली पुत्र हनुमानराम निवासी बेलवा खत्रिया को परिवादी से 53 हजार रुपए की रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी को गिरफ्तार कर एसीबी की टीम थाने लाई, जहां पर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। वहीं, आरोपी के आवास सहित अन्य ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई जारी है।

**आरबीएम अस्पताल में हुआ हादसा**

# एम्बुलेंस में गैस सिलेंडर फटा, 50 मी. दूर गिरे टुकड़े

■ धमाके से सहमे लोगों ने भागकर बचाई जान

**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के आरबीएम अस्पताल में मंगलवार को ऑक्सीजन प्लांट के पास खड़ी एक एम्बुलेंस में अचानक से धमाके के साथ गैस सिलेंडर फटने से लोगों में हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के चलते एम्बुलेंस में आग लग गई। इसके चलते सिलेंडर फट गया। हादसे में मौके पर खड़ी एक कार, बाइक व स्कूटी ने भी आग पकड़ ली। इसके चलते ये वाहन



जलकर कबाड़ में तब्दील हो गए। एम्बुलेंस में गैस किट लगी हुई थी। इसका सिलेंडर फटा तो एम्बुलेंस के टुकड़े करीब 50 मीटर तक गिरे, धमाका की आवाज सुनकर आस-पास खड़े लोग सहम गए और मौके से भाग निकले।

घटना करीब 6 बजकर 50 मिनट की है। आईसीयू वार्ड के बाहर एक एम्बुलेंस खड़ी थी, जिसमें गैस किट लगी हुई थी। वहीं करीब 5 कदम की दूरी पर ऑक्सीजन प्लांट है।

एम्बुलेंस में अचानक शार्ट सर्किट हुआ और एम्बुलेंस ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते पूरी एम्बुलेंस जलने लगी और उसके पास खड़ी एक ऑल्टो कार ने भी आग पकड़ ली। इसके बाद वहा खड़ी एक स्कूटी और एक बाइक में भी आग लग गई। जब एम्बुलेंस में आग की लपटों से घिरी तो उसमें रखा सिलेंडर फट गया और एम्बुलेंस के टुकड़े करीब 50 मीटर दूर तक जाकर गिरे।

### रह-रहकर होते रहे धमाके

हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची ने लोगों को घटना स्थल से दूर किया गया। सिलेंडर फटने के बाद गैस किट में रह-रहकर धमाके होते रहे। सूचना के बाद तीन दमकल मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। पूरे घटनाक्रम में 30 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया गया। गनीमत यह रही की, पास ही में ऑक्सीजन प्लांट था, उस तक आग नहीं पहुंची अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो सकता था। जिस बिल्डिंग के सामने एम्बुलेंस में आग लगी थी, उस बिल्डिंग की पहली मंजिल पर लेब है, दूसरे फ्लोर पर टीबी वार्ड है और तीसरे फ्लोर पर आईसीयू वार्ड है, और एम्बुलेंस के बगल में डीडीसी का केबिन है।

### पहले भी कबाड़ में रखी एम्बुलेंस में लगी थी आग

आरबीएम अस्पताल के पुराने ट्रॉमा सेंटर के पास खड़ी 4 एम्बुलेंस में 7 मई को भी अचानक आग लग गई थी। ये एम्बुलेंस खराब थी और कबाड़ हो गईं थीं। आग लगने की सूचना पर 2 दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और बड़ी मुश्किल के बाद आग पर काबू पाया गया। इन कबाड़ एम्बुलेंस के पास किसी व्यक्ति कचरा जला दिया था, जिसके कारण आग लगी थी।

**कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा**

## अंजुमन कमेटी के सचिव के बयान का किया विरोध

**बेधड़क** | अजमेर

अजमेर दरगाह में खादिम समुदाय की संस्था अंजुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती की ओर से महिलाओं को लेकर दिए गए बयान को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने कड़ी आपत्ति जताई है। मंगलवार को वीएचपी और महिला संगठन दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के बाहर लामबंद होकर प्रदर्शन किया।

वीएचपी नेताओं ने सरवर चिश्ती पर नारी शक्ति का अपमान करने और अजमेर का सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया। वीएचपी कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर भारती दीक्षित को गृह मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं अजमेर एसपी चुनाराम जाट को भी मांग पत्र सौंगा गया है। वीएचपी के अजमेर महानगर मंत्री संजय तिवारी ने कहा कि अंजुमन कमेटी के सचिव सैयद सरवर चिश्ती ने हिंदू धर्म के ऋषि-मुनियों और भारत की आधी आबादी महिलाओं के बारे में अनर्गल बयान दिया है। चिश्ती ने अपने बयान में कहा कि इंसान किसी भी प्रलोभन से नहीं फिसलता है स्त्री के जरिए ही फिसलता है।

सरवर चिश्ती का यह बयान घोर निंदनीय है। वीएचपी के महानगर मंत्री संजय तिवारी ने कहा कि यह वही सरवर चिश्ती है जिसने 2 वर्ष पहले सिंधी और हिंदू व्यापारियों की दुकानों का बहिष्कार करने की धमकी दी थी।

**इनिशिएटिव:** वॉरेन एंड टर्टल्स स्कूल में टीचर्स के लिए चल रही वर्कशॉप, मिल रही टीचिंग मैथेडोलॉजी की ट्रेनिंग

# स्टूडेंट्स तक पहुंचे बेस्ट एजुकेशन, इसलिए स्किल्स निखार रहे टीचर्स

**बेधड़क** | जयपुर



गर्मी की छुट्टियों में बच्चे तो विभिन्न समर कैंप्स में अलग अलग स्किल्स सीख ही रहे हैं टीचर्स भी स्कूल खुलने के बाद स्टूडेंट्स को बेस्ट एजुकेशन देने के लिए अपनी स्किल्स पर काम कर रहे हैं।

वॉरेन एंड टर्टल्स स्कूल में प्ले ग्रुप से 12वीं तक की कक्षाओं के टीचर्स टीचिंग के अत्याधुनिक गुर सीख रहे हैं। टीचर्स के स्किल डवलपमेंट के लिए वॉरेन रिसर्च एंड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट की ओर से स्कूल में वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स की शिक्षा के संघर्ष को कम करना व पढ़ाई को उनके लिए रोचक बनाना है। वॉरेन रिसर्च डिपार्टमेंट के लगभग 40 सदस्यों ने अपने रिसर्च के माध्यम से शिक्षा को रोचक और सरल बनाने, शिक्षकों के अध्ययन स्रोतों व दृष्टिकोण पर काम करने के साथ-साथ अलग-अलग शिक्षण तकनीकों पर कार्य किया है, जिसके आधार पर वर्कशॉप में टीचर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

इस वर्कशॉप में नई टीचिंग टेक्निक्स सीखने के लिए विद्यालय के शिक्षकों में काफी उत्साह और जोश दिखाई दे रहा है।

### रटने के बजाय सीखने पर हो फोकस

वॉरेन एंड टर्टल्स स्कूल के निदेशक अरुण सोगानी ने बताया कि शिक्षा एक गतिशील और निरंतर प्रक्रिया है। शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए लगातार रिसर्च किया जाना चाहिए ताकि छात्र किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए निपुण हो सके। उन्होंने बताया कि इस वर्कशॉप के माध्यम से विद्यार्थियों की शिक्षा के संघर्षों को कम करने, शिक्षा के मूल्यों को समाहित करने, रटने की बजाय बुद्धिमत्ता पर ध्यान केंद्रित करने आदि विषयों को लेकर ट्रेनिंग दी जा रही है। साथ ही वर्कशॉप में रीडिंग स्किल्स, कंप्रीहेंशन स्किल्स, हैंड्स ऑन एक्सपीरियंस, संख्याओं की त्वरित गिनती, गणित चर्चा, पर्सनेलिटी डेवलपमेंट जैसे घटकों का समावेश किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य स्टूडेंट्स में सेल्फ कॉन्फिडेंस, पब्लिक स्पीकिंग, सोशल स्किल्स, कम्युनिकेशन और लिसनिंग स्किल्स को विकसित करने का है।

## Yuva स्टोरीज



### खुद तो वोट करें ही, लोगों को जागरूक भी करें |

**जयपुर।** लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व होता है इसलिए सफल लोकतंत्र के लिए चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी जरूरी है। यह कहना है जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित का। राजपुरोहित मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय जयपुर में मतदाता साक्षरता क्लब की ओर से आयोजित टॉक शो में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राजपुरोहित ने मतदाता साक्षरता क्लब के कैम्पस एम्बेसडर अंश तिवारी द्वारा तैयार की गई ईएलसी पर आधारित गाइडलाइन पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने 17 वर्ष आयु वर्ग के भावी मतदाताओं से वोटर हेल्पलाइन एप और वेबसाइट एनवीएसपी पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में युवा मतदाताओं की भूमिका अहम होगी इसलिए उन्हें अपने मत का प्रयोग तो करना ही चाहिए, ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित भी करना चाहिए। कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्या स्निग्धा शर्मा सहित स्टाफ सदस्य व सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

### मंजू शर्मा को मिली पीएचडी उपाधि|



**जयपुर।** सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के साइंस (बायोकेमिस्ट्री) डिपार्टमेंट की छात्रा मंजू शर्मा को 'ग्रीन सिंथेसिस ऑफ कॉपर एंड जिंक नैनोपार्टिकल्स एज बायो-कम्पेटिबल एजेंट्स अगेंस्ट लेट लीफ स्पॉट ऑफ ग्राउंडनट' विषय पर पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है। मंजू शर्मा ने अपना शोध डॉ. मानस माथुर व डॉ. सुशील कुमार शर्मा के निर्देशन में पूरा किया है।

राजस्थान लोक सेवा आयोग
सत्यमेव जयते
अजमेर

### आंसर की जारी, ऑनलाइन दर्ज होंगी आपत्तियां |

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के तहत आयोजित ग्रुप-सी एवं डी के सामान्य ज्ञान विषय के प्रश्न-पत्रों की मॉडल आंसर-की जारी कर दी है। आंसर की के किसी भी प्रश्न पर आपत्ति होने पर अभ्यर्थी 14 से 16 जून तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करवा सकता है। हालांकि इसके लिए निर्धारित शुल्क चुकाना होगा। गौरतलब है कि आरपीएससी की ओर से परीक्षा इस वर्ष 29 जनवरी को आयोजित की गई थी। आयोग के नोटिफिकेशन के मुताबिक आपत्तियाँ आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इस परीक्षा के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन प्रविष्ट करनी होगी। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। साथ ही इस परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा।

**हर प्रश्न के लिए चुकाने होंगे 100 रुपए:** आयोग ने प्रत्येक प्रश्न के लिए आपत्ति शुल्क सौ रुपए निर्धारित किया है। ई मित्र संचालक को दिया जाने वाला सेवा शुल्क इसके अतिरिक्त होगा। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के क्वेश्चन आब्जेक्शन लिंक पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जावेंगी। साथ ही यह शुल्क नॉन रिफंडेबल होगा। ऑनलाइन आपत्ति दर्ज करने का लिंक 16 रात्रि 12 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इस संबंध में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई होने पर अभ्यर्थी recruitmenthelpdesk@rajasthan.gov.in पर ई-मेल से अथवा फोन नम्बर 9352323625 व 7340557555 पर संपर्क कर सकते हैं।

### पौधारोपण कर मनाया डीजी मेहरड़ा का जन्मदिवस |



**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के डीजी एससीआरबी एवं साइबर क्राइम तकनीकी सेवाएं डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने महारानी महाविद्यालय में पौधारोपण कर जन्म दिवस मनाया। इस दौरान मेहरड़ा ने साइबर क्राइम के बारे में विद्यार्थियों से संवाद किया। इस अवसर पर महारानी महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. निमाली सिंह, छात्र नेता गोविन्द मलिंडा, छात्र नेता मनीष मेघवंशी, मुकेश मेघवाल व महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रहीं।

**66वें नेशनल स्कूल गेम्स का समापन**

# सानिया ने टूर्नामेंट के अंतिम दिन कराई 'चांदी'




| | |
|---|---|
| गोल्ड | 6 |
| सिल्वर | 12 |
| ब्रॉन्ज | 15 |

**बेधड़क** | जयपुर




नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम, भोपाल के तांत्या टोपे खेल स्टेडियम और ग्वालियर के विजया राजे सिंधिया खेल परिसर में चल रहे 66वें नेशनल स्कूल गेम्स के अंतिम दिन मंगलवार को भी राजस्थान की 'चांदी' हो गई। टूर्नामेंट के अंतिम दिन नई दिल्ली में जयपुर की सानिया खान ने टेनिस की व्यक्तिगत स्पर्धा में सिल्वर मेडल जीता।

सानिया इससे पहले सिल्वर जीत चुकी टेनिस टीम का भी हिस्सा थीं। भोपाल में श्रीगंगानगर की लावण्या अरोड़ा ने जूडो में कांस्य पदक जीता। जूडो में यह प्रदेश का पांचवां पदक था। प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग के बैनर तले टूर्नामेंट में भाग ले रहे खिलाड़ियों ने इस बार अपने शानदार प्रदर्शन से राजस्थान का नाम रोशन किया है। शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, शासन सचिव स्कूल शिक्षा नवीन जैन, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद आयुक्त डॉ. मोहनलाल यादव और स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने इन खेलों के दौरान नई दिल्ली, ग्वालियर और भोपाल में प्रदेश की टीमों के साथ मौजूद सभी प्रशिक्षकों, मैनेजर्स, चीफ डे मिशन और अन्य ऑफिशियल्स की सक्रिय भागीदारी की भी सराहना की है।

### टीम स्पर्धा में पहली बार प्रदेश को मिला सिल्वर

नई दिल्ली से खेलकूद प्रभारी अशोक कुमार व्यास एवं चीफ डे मिशन सुनील बोड़ा, भोपाल से चीफ डे मिशन अनिल व्यास और ग्वालियर से चीफ डे मिशन मोहन लाल जीनगर से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल स्कूली गेम्स में प्रदेश ने पहली बार टेनिस टीम स्पर्धा में देश में दूसरा स्थान प्राप्त करते हुए रजत पदक जीता। शतरंज में पहली बार बिसात पर मोहरे लड़ाने के लिए उतरे प्रदेश के खिलाड़ी टीम स्पर्धाओं में मेडल से तो दूर रह गए, मगर शतरंज में अपने-अपने बोर्ड पर व्यक्तिगत तौर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए उदयपुर के प्रणय चोर्डिया और बीकानेर की युक्ति हर्ष ने गोल्ड मेडल अपने नाम किए। बीकानेर के केशव बिस्सा ने वेट लिफ्टिंग में गोल्ड दिलाया व सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी बने। कविता, नीतू, सुमित, माया ने कुश्ती और जयपुर की ताश्री ने बॉक्सिंग में गोल्ड जीते। दूसरे खेलों में भी प्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रभावित किया।



**NEET-UG का रिजल्ट जारी**

## राजस्थान के पार्थ को मिली 10वीं रैंक

**बेधड़क** | जयपुर

डॉक्टर बनने के लिए मेडिकल कोर्सेज में प्रवेश के लिए नीट-2023 दे चुके देश के 20 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स का रिजल्ट का इंतजार मंगलवार को खत्म हो गया। एनटीए ने मंगलवार रात नीट का रिजल्ट घोषित कर दिया, जिसमें 56.21 फीसदी विद्यार्थी पास हुए हैं। सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए नीट कट-ऑफ पिछले साल से ऊपर गई है। नीट यूजी की कटऑफ इस बार 720-137 तक पहुंच गई है जबकि पिछले साल यह 715-117 थी। अब जल्द ही मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए काउंसलिंग शुरू होगी। इस बार 50 नए कॉलेजों को मान्यता मिलने के बाद स्टूडेंट्स के लिए 8 हजार से ज्यादा सीट्स बढ़ गई हैं, जिसके बाद देशभर में मेडिकल की 1 लाख 7 हजार से ज्यादा सीट्स पर प्रवेश मिल पाएगा।

### नीट टॉपर्स लिस्ट

- 1 प्रबंजन जे, तमिलनाडु
- 1 बोरा वरुण चक्रवर्ती, आंध्र प्रदेश
- 3 कौस्तव बौरी, तमिलनाडु
- 4 प्रांजल अग्रवाल, पंजाब
- 5 ध्रुव आडवानी, कर्नाटक
- 6 सूर्य सिद्धार्थ, तमिलनाडु
- 7 श्रीनिकेत रवि, महाराष्ट्र
- 8 स्वयं शक्ति त्रिपाठी, ओडिशा
- 9 वरुण एस, तमिलनाडु
- 10 पार्थ खंडेलवाल, राजस्थान

### फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| रजिस्टर्ड स्टूडेंट्स | 2087462 |
| अपीयर्ड स्टूडेंट्स | 2038596 |
| पास स्टूडेंट्स | 1145976 |

### ये रही कटऑफ

| | |
|---|---|
| जनरल | 720-137 |
| जनरल-पीएच | 136-121 |
| एससी | 136-107 |
| एसटी | 136-107 |
| ओबीसी | 136-107 |

**डिस्कशन** | **MNIT में इंडिया@2047 वर्कशॉप**

# हमारे भविष्य पर शिक्षाविदों ने रखा 'पॉइंट ऑफ व्यू'

**बेधड़क** | जयपुर



देश के शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों के प्रमुखों ने इंडिया@2047 के संदर्भ में उच्च शिक्षण संस्थानों की चुनौतियों, जरूरतों और संभावनाओं पर बात की। मौका था एमएनआईटी में मंगलवार को आयोजित इंडिया@2047 वर्कशॉप का।

एनआईटी उत्तराखंड के सहयोग से आयोजित वर्कशॉप की शुरुआत एमएनआईटी के निदेशक प्रो. एन पी पाढ़ी ने दीप प्रज्वलन व पूजा अर्चना कर किया। वर्कशॉप में एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी, एनआईटी सिक्किम के निदेशक प्रो. महेश चंद्र गोविल, एमएनएनआईटी इलाहाबाद के निदेशक प्रो. रमाशंकर वर्मा, एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार, एनआईटी वारंगल के निदेशक प्रो. विद्याधर सुबुधि सहित विभन्न विशेषज्ञ, शोधार्थी व प्रबुद्धजन शामिल हुए। वर्कशॉप में वक्ताओं ने INDIA@2047 को प्राप्त करने की चुनौतियों और अवसरों पर विचार-विमर्श किया, साथ ही भविष्य के भारत की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं से मेल खाने के लिए एक रोडमैप का सुझाव दिया। इस इंटरेक्टिव वर्कशॉप में प्रतिनिधियों ने दर्शकों के सवालों के जवाब भी दिए जिससे विभिन्न इनोवेटिव आइडिया सामने आए। बुधवार को एनआईटी-लीडरशिप फॉर एकेडेमिशियंस प्रोग्राम (एन-लीप) पर वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा।

### 'शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता जरूरी'

एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कहा कि देश के उच्च शिक्षा संस्थानों को रचनात्मकता, नई तकनीकों, डिजाइन, पेटेंट और उद्योग को प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस मार्ग में दो चुनौतियां हैं जिनमें पहली है अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान कर देश में छात्रों को बनाए रखना, जबकि दूसरी है सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली शिक्षा, पर्यावरण और मानक प्रदान करके अन्य देशों के छात्रों को आकर्षित करना। एनआईटी सिक्किम के निदेशक प्रो. महेश चंद्र गोविल ने आत्मनिर्भर भारत के पांच स्तंभों- आर्थिक, बुनियादी ढांचा, सिस्टम, जनसांख्यिकी और मांग पर जोर दिया।

### सुरक्षित ऊर्जा पर दी प्रस्तुति

वर्कशॉप में एमएनआईटी जयपुर के निदेशक प्रो. एनपी पाढ़ी ने सुरक्षित ऊर्जा, ऊर्जा आवश्यकता और अर्थव्यवस्था पर एक ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी। एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार ने महिला सशक्तीकरण के संबंध में भारत के वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा की। एनआईटी वारंगल के निदेशक प्रो बिद्याधर सुबुधि ने उच्च शिक्षा प्रणाली पर बात की। एमएनएनआईटी इलाहाबाद के निदेशक प्रो. रमा शंकर वर्मा ने बायोप्लास्टिक बनाने के विचार पर प्रकाश डाला।

### कार्बनिक पदार्थों के उत्सर्जन में कमी

# चिंतन के साथ क्रियान्वयन जरूरी



रामभरोस मीणा
पर्यावरण कार्यकर्ता और समाज विज्ञानी



“सभी प्राणियों में ‘मानव श्रेष्ठ’ है और वह ‘श्रेष्ठ रहेगा’ भी। पहाड़ों की कंदराओं में जानवरों के समान कंद मूल फल-फूल खाते हुए जीवन जीने वाले व्यक्ति ने सभी प्राणियों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए उनके जैसे आनंदमय जीवन को जिया और उसी प्रकार समय के साथ- साथ जीते भी आया है। कालचक्र के साथ मानवीय विकास ज्यों-ज्यों होता चला गया, त्यों-त्यों मानवीय स्वार्थ के चलते मन भेद और मतभेद दोनों के मध्य लगातार बढ़ते गए। खैर जो भी है, वायु मण्डल इन सभी में सर्वश्रेष्ठ रहा। चाहे व्यक्ति कितना ही विकास क्यों न करे, वह कर भी रहा है और आगे भी करता रहेगा।”

आज समय की मांग है कि कार्बनिक पदार्थों के उत्सर्जन में 50 प्रतिशत की कमी तय की जाएं, जिससे प्राण वायु की बढ़ती कमी से बचने के साथ-साथ सम्पूर्ण प्राणी जगत को विनाश से बचाया जा सके। असलियत में वनों की जिस बेदर्दी से कटाई हो रही है, उसे देखते हुए साल 2050 तक जल के भीषण संकट के साथ-साथ प्राण वायु का भी बड़ा संकट पैदा हो जाएगा। देखा जाए तो जल, थल, नभ इन तीनों मंडलों में भू-मंडल पर मानव के साथ-साथ सभी जीवों की उत्पत्ति हुई है, उसी के साथ विकास हुआ, फैलाव हुआ, प्राणी मात्र सुरक्षित रहें, जल मण्डल में जलीय जीव सुरक्षित रहें, नभ में स्थलीय जीवन विचरण करते, जो भी हो, प्रकृति कहें या ईश्वर, अल्लाह ने बहुत सोच-समझकर बड़ी ही विचित्रता के साथ अजीब किस्म के भू-मंडल की रचना की।

सत्य भी है कि आज हम किसी भी ग्रह पर रहने की व्यवस्था कर लें, ‘पृथ्वी पृथ्वी ही है’, वह अजीब सी ही है। हमें नदी- नाले, झरने, तालाब, झील, पहाड़, पठार, मैदान, वन, वनस्पतियां, इनके साथ एक वर्ष के चार मौसम सर्दी, गर्मी, वर्षा, बसंत और तो और प्रत्येक मौसम के हिसाब से फल-फूल-पत्ते-कंद मूल का उपहार प्रकृति ने दिया है। आवश्यकताओं के साथ वन्य जीवों, जलीय जीवों, आकाश में उड़ने वाले जीवों, पशु पक्षियों, कीट-पतंगों की लाखों प्रजातियां उष्ण कटिबंधीय, शीतोष्ण कटिबंधीय, शीत कटिबंधीय या यों कहें कि बर्फीले क्षेत्र, मरुस्थलीय क्षेत्र, मैदानी भू-भाग के प्राकृतिक स्थलों, प्राकृतिक वातावरण, वनस्पतियों के साथ ही वन्य जीवों, कीट पतंगों को उन का अपना आश्रय स्थल बनाने के लिए तैयार किया तथा मानव को सभी जीवों के साथ रहते हुए अपने जीवन को आनंद के साथ जीने का एक अवसर दिया, जिसका लाभ स्वयं मानव आदि-अनादि काल से लेता आया है और भविष्य में वह लेगा भी यह कटु सत्य है। क्योंकि सभी प्राणियों में ‘मानव श्रेष्ठ’ है और वह ‘श्रेष्ठ रहेगा’ भी। पहाड़ों की कंदराओं में जानवरों के समान कंद मूल फल-फूल खाते हुए जीवन जीने वाले व्यक्ति ने सभी प्राणियों के साथ मित्रवत व्यवहार करते हुए उनके जैसे आनंदमय जीवन को जिया और उसी प्रकार समय के साथ- साथ जीते भी आया है। कालचक्र के साथ मानवीय विकास ज्यों-ज्यों होता चला गया, त्यों-त्यों मानवीय स्वार्थ के चलते मन भेद और मतभेद दोनों के मध्य लगातार बढ़ते गए।

*धरती पर मानव स्वयं ऑक्सीजन की कमी महसूस कर रहा है, आखिर फिर यह विकास किस काम का जो विनाश को न्योता दे। समझना चाहिए, नीतियों में परिवर्तन करना चाहिए, विकास की परिभाषा बदलनी चाहिए, प्रकृति और प्रकृति पर निर्भर प्रत्येक प्राणी की आवश्यकता व उसकी पूर्ति का तुलनात्मक अध्ययन समीक्षा कर विकास करना चाहिए, सच्चा विकास हो। आवश्यकता है कि नदियों को स्वतंत्र बहने दिया जाए।*

खैर जो भी है, वायु मण्डल इन सभी में सर्वश्रेष्ठ रहा। चाहे व्यक्ति कितना ही विकास क्यों न करे, वह कर भी रहा है और आगे भी करता रहेगा। भौतिक संसाधन यथा पंखे, कूलर, एसी के साथ अपने को कंक्रीट के महलों में सुरक्षित समझकर खुले आम प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने लगा है और यह प्रक्रिया आज भी अनवरत जारी है। ऑक्सीजन क्लब बनाने के साथ वह सिलेण्डर भी खरीदने लगा है। सारे बंदोबस्त करने में वह लगातार प्रयासरत है, लेकिन जो आनन्द प्राकृतिक संसाधनों से प्राप्त होता है, वह मानव द्वारा निर्मित संसाधनों से प्राप्त नहीं हो सकता, यह विचार का विषय है। सच तो यह है कि 11वीं शताब्दी तक व्यक्ति ने प्रकृति को समझा-परखा और उससे गुना और सीखा। विडम्बना यह रही कि विपरीत परिस्थितियों में भी मानव ने प्रकृति का साथ नहीं छोड़ा, यह कटु सत्य है।

मानव की सोच अच्छी थी, अच्छी समझ थी, इसलिए उसने इसे धर्मग्रंथों, धर्मगुरुओं, प्रचारकों और समाजसेवकों के माध्यम से बचाएं रखने का भरपूर प्रयास भी किया। देव परंपराओं के माध्यम से वनों को संरक्षण प्रदान किया। नदियों को मां स्वरूप माना, उन्हें पूजा, पर्वत को रक्षा के मुख्य आधार मानकर उन्हें बचाना उसने अपना परम कर्तव्य समझा। सभी जीवों को धर्म से जोड़ कर उनका खुद संरक्षक भी बना। इतना ही नहीं वह व्यक्ति प्रकृति के साथ जुड़कर रहता भी रहा। 17वीं शताब्दी में इतना बदलाव आया कि वह अपने स्वार्थ की पूर्ति, भौतिकवाद की बढ़ती अदम्य लालसा, पूंजीवाद के बोलबाले से सब कुछ बिगाड़ने में मस्त हो गया। परिणाम स्वरूप 1930 के बाद प्रकृति प्रदत्त सभी संसाधनों का दोहन तेजी से बढ़ा लेकिन सरकारी तंत्र संरक्षण के मूल उद्देश्य के विपरीत विकास के नाम पर इन्हें नष्ट-भ्रष्ट करने में लगा रहा और इस प्रयास में अपना भरपूर सहयोग मदद करते हुए उसने संरक्षण की ओर ध्यान नहीं दिया बल्कि विकास के मद में चूर उसने प्राकृतिक संसाधनों के विनाश के मार्ग पर चलते हुए या यूं कहें कि उसने पूंजीवाद के मार्ग की ओर से सभी को उस ओर धकेल दिया जिससे प्राकृतिक वनस्पतियां, खनिज पदार्थो, जल स्रोतों के दोहन के साथ वन्य जीवों और एक और घोटाला जलीय जीवों का विनाश बहुत तीव्र गति से प्रारंभ हुआ जो आज विनाश के अंतिम छोर पर पहुंचा दिया। सरकार समाज व्यक्ति सभी इसे अनुभव कर रहे हैं, देख रहे हैं। बीते 6-7 दशकों में प्राकृतिक संसाधन बहुत कम सुरक्षित रह सके हैं। वन 5 प्रतिशत, नदियां 70 प्रतिशत, पहाड़ 85 प्रतिशत, सुरक्षित रहने के साथ वन्य जीवों के प्राकृतिक आश्रय स्थल 40 प्रतिशत खत्म हो चुके हैं। भू-गर्भीय जल भण्डार जो पीने योग्य मीठे पानी के हैं 2050 तक खत्म होने के कगार पर पहुंच जाएंगे। वैसे भी धरती का 35 प्रतिशत हिस्सा डार्क जोन घोषित हो चुका है। बात यहीं खत्म होने वाली नहीं है, आज सभी जीव-जंतु, पशु-पक्षी, मानव प्रदूषण से बहुत दुखी हैं। प्लास्टिक प्रदूषण, जल प्रदूषण, वायु प्रदुषण, ध्वनि प्रदूषण, कार्बनिक पदार्थों के उत्सर्जन से फैला प्रदूषण, सीवरेज का प्रदूषण चारों ओर प्रदूषण की समस्या। एक से बढ़कर एक इन सभी समस्याओं का जनक भौतिकवाद, पूंजीवाद, विकासवाद तीनों विनाश को न्योता देने में सक्षम हैं, दे भी रहे हैं। सत्य है विकास ही विनाश के रास्ते खोलता है। ग्लोबल वार्मिंग, पिघलते ग्लेशियर, समुन्दर का आगे बढ़ना, जल का पाताल पहुंचना, वायु से ऑक्सीजन का गायब होना, नदियों का प्रदूषित होना, धरती का धंसना, मौसम चक्र में आए बदलाव, सब के सब विकासवाद की बिगड़ी परिभाषा की देन है।

प्राकृतिक संसाधनों के साथ बढ़ते अत्याचार से प्रकृति ने हमें संकेत दे दिया है, समझना चाहिए। आकाश पाताल धरती तीनों जगह प्राणवायु के बगैर कोई भी व्यक्ति, जीव जंतु, कीट पतंग, पशु पक्षी जीवित नहीं रह सकते और यह कटु सत्य भी है। नदियों में फैले प्रदूषण तथा ऑक्सीजन की कमी से जलीय जीव खतरे में है। आकाश में लम्बी उड़ान भरने वाले पक्षी ऑक्सीजन की कमी के चलते खत्म हो रहे हैं। धरती पर मानव स्वयं ऑक्सीजन की कमी महसूस कर रहा है, आखिर फिर यह विकास किस काम का जो विनाश को न्योता दे। समझना चाहिए, नीतियों में परिवर्तन करना चाहिए, विकास की परिभाषा बदलनी चाहिए, प्रकृति और प्रकृति पर निर्भर प्रत्येक प्राणी की आवश्यकता व उसकी पूर्ति का तुलनात्मक अध्ययन समीक्षा कर विकास करना चाहिए, सच्चा विकास हो। आवश्यकता है कि नदियों को स्वतंत्र बहने दिया जाए, वनों एवं वनस्पतियों का प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र पर 21 प्रतिशत से अधिक हो, पहाड़ों को संरक्षण मिलें, जल का दोहन कम किया जाए। जल संरक्षण के कार्य अधिक किए जाएं, प्लास्टिक उत्पादन के साथ कार्बनिक पदार्थों के उत्सर्जन में एकाएक 50 प्रतिशत से अधिक कमी लाई जाए और इन सबके लिए चिन्तन के साथ क्रियान्वयन पर जोर दिया जाए जिससे आगामी समय में एक बड़े विनाश से बच सकें। इसके लिए आवश्यकता है सम्पूर्ण वायुमण्डल के संरक्षण की।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### व्यंग्य

# आम से खास तक



संतोष दिवाकर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आम एक ऐसा फल है जो खास मौसम में होता है, परंतु आम का मोटे तौर पर अर्थ सर्वसाधारण के उपलब्धता से भी है। वहीं आम को फलों का राजा भी कहा जाता है और जब कोई राजा हो जाता है तो फिर वह सर्वसाधारण के लिए सुलभ नहीं रह जाता है। लेकिन प्रजातंत्र में आम दिनों में आम जनता का भले ही खास महत्व न हो, लेकिन जब चुनाव आता है तो यह आम जनता बिलकुल खास हो जाती है और यह खास जनता ही नेता को आम से खास बना देती है।

आम एक ऐसा फल है जो खाया जाता है, चूसा जाता है, उसका रस निकाल कर मिल्क शेक आदि बनता है, अचार बनता है आदि आदि। रसदार आम को चूसने के बाद जैसे गुठली को फेंक दिया जाता है वैसे ही वोट लेने के बाद आम जनता को दरकिनार कर दिया जाता है। आम के साथ जुड़ी बहुत सी कहानियां और मुहावरे भी हैं, मिर्जा गालिब किसी जगह से गुजर रहे थे तो उनके साथ एक मित्र भी थे जो उनके यहां आम नही खाए थे। जब वो दोनों घर से बाहर निकले तो एक गधा के पास कुछ आम था लेकिन गधा आम नहीं खा रहा था। गालिब के मित्र ने कहा कि देखो गधे भी आम नहीं खाते हैं, मिर्जा गालिब ने कहा- तुमने सही कहा गधे ही आम नहीं खाते हैं। आम से संबंधित एक मुहावरा है आम के आम के गुठली के दाम याद आने से ही शोले फिल्म में हेमा मालिनी को याद आई कि मुझे चटनी के लिए आम लाने जाना है जहां धर्मेंद्र के साथ मुलाकात हुई।

कई जगहों का आम पूरे देश में प्रसिद्ध है जैसे मुंबई का अल्फांसो, पश्चिम बंगाल का मालदा, बिहार का जर्दालू और मालदा, बेंगलुरु का बांगनपल्ली आदि आदि बहुत ही प्रसिद्ध है और यह सभी आम अपने-अपने क्षेत्रों में वैसे ही अधिकार जमाए हुए हैं जैसे क्षेत्रीय दलों की वंशवादी पार्टियों का राजनीतिक पैठ बना हुआ है। लेकिन जिस तरह क्षेत्रीय दलों के लोगों का राष्ट्रीय स्तर पर कोई सर्वमान्य नेता नहीं है, वैसे ही आम भारत का राष्ट्रीय फल है और सभी आम अपने आप को राष्ट्रीय फल घोषित करवाने में लगे रहते हैं चाहे वो मालदह हो या जर्दालू या कोई अन्य आम। आम जब राष्ट्रीय फल है तो आम से शुरू होने वाला राजनीतिक पार्टी आम आदमी पार्टी भला राष्ट्रीय बनने में कैसे पीछे रह सकती थी, चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय राजनीतिक दल का दर्जा दे दिया है।

देश के लोकतंत्र का सबसे बड़ा चुनाव लोकसभा का चुनाव है जिसे आम चुनाव भी कहा जाता है। कुछ रास्तों पर भी लिखा मिलता है- यह आम रास्ता नहीं है, इसका मतलब यह हुआ कि इस रास्ता से कुछ खास लोग ही जा सकते हैं। सिर्फ सड़कों तक ही आम सीमित नहीं है, बल्कि राजघरानों में आम खास, दरबारे आम आदि हुआ करता था।

आम न सिर्फ भारत का राष्ट्रीय फल है बल्कि पाकिस्तान और फिलीपींस का भी राष्ट्रीय फल है और आम का पेड़ बांग्लादेश का राष्ट्रीय वृक्ष है और आम आदमी पार्टी को भारत के राष्ट्रीय दल का दर्जा प्राप्त है। खुलेआम, आंधी के आम, आम बात, आम घटना आदि कुछ ऐसे मुहावरे हैं जो हम लोगों के जीवन में आम हो चुकी है लेकिन यह खास फल आम कब आम जनता को नसीब होगा यह यक्ष प्रश्न हमलोगों के सामने खड़ा है?




**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
“कितना कमा लेते हो? कुछ गाने बजा लें? सिद्धू मूसेवाला के? हम ट्रक वालों के कारण ही मैन्युफैक्चरर्स का काम चलता है।” अमेरिका में एक भारतीय ड्राइवर के साथ ट्रक यात्रा, उनके अनुभव और कहानियां!




**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
पूर्वाग्रह और आक्रोश का कोई इलाज नहीं है जब तक कि आप बदलने के इच्छुक नहीं हैं। हमारे जीवन को बदलने का समय।



**उज्ज्वल पाटनी**, मोटिवेशनल स्पीकर
@Ujjwal_Patni
ध्यान + व्यायाम + धूप + पढ़ना + नियोजन +4 घंटे गहन केंद्रित कार्य + आभार + देना = एक सार्थक और सफल जीवन



**अनुपम खेर**, अभिनेता
@AnupamPKher
कल मेरे स्कूल में श्री स्वामीनारायण मंदिर - सूरत (वड़ताल संस्थान) से अखंडवृत्ति स्वामी, अलौकिक स्वामी और संतवृद मुझसे मिलने आए।सब आयु में मुझसे काफी छोटे थे! मिलकर अत्यंत सुखद अनुभूति हुई। ज्ञान, विज्ञान, अच्छे कार्यों एवं देश के हित की बातें हुई।शिक्षापत्री ग्रंथ और रक्षासूत्र अर्पण आशीर्वाद के रूप में प्राप्त हुआ! अच्छा लगा मुझे इनसे मिलकर और आशा करता हूं संतों को भी!



**बीके शिवानी**, आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@bkshivani
आज हर 3 घंटे के बाद इस पुष्टि को दोहराएं- “मैं एक बुद्धिमान व्यक्ति हूं। मैं शांत और निश्चिंत हूं क्योंकि मैं अपनी हर जिम्मेदारी को पूरा करता हूं। आसान और शांत मेरे होने का तरीका है। मैं आसान हूं... मैं शक्तिशाली हूं। मैं निरंतर अनुभव करता हूं।”


### नॉलेज कॉर्नर: अजीबो-गरीब हैं इस जीव के रहस्य

# इसलिए एक लाइन में चलती हैं चीटियां

इस संसार में कई प्रकार के जीव पाए जाते हैं। सभी जीवों के रहने, खाने और चलने का तरीका अलग-अलग होता है। संसार में छोटे से लेकर बड़े आकार के जीव पाए जाते हैं। एक उदाहरण के लिए सबसे बड़े जीव के रूप में हाथी को जाना जाता है, तो सबसे छोटे जीव के रूप में चीटी को जाना जाता है, लेकिन यह भी माना जाता है कि एक अकेली चीटी बड़े हाथी को भी मार सकती है। अगर चीटी हाथी की सुंड या कान में घुस जाए तो हाथी का जीना मुश्किल हो सकता है। हालांकि इस तथ्य के पीछे कितना सच है इसकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं है। अब बात करें चीटी के बारे में तो यह जीव- जगत का सबसे छोटा प्राणी है। इस बारे में विस्तृत जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

## झुंड रूप में रहना करती हैं पसंद

धरती पर कई प्रकार के जीव पाए जाते हैं, इन्हीं में से चीटी भी एक है। इसे सामाजिक प्राणी के तौर पर जाना जाता है, क्योंकि यह झुंड में रहना पसंद करती हैं। इन्हें अक्सर एक लाइन में चलते देखा जाता है। इसके पीछे का कारण थोड़ा रोचक है। दरअसल जब चीटियां चलती हैं, तो अपने साथ एक खास प्रकार का रसायन पीछे छोड़ती जाती हैं। जब ये खाने की खोज में बाहर निकलती हैं तो, रानी चीटी सबसे आगे चलती है। यह अपने पीछे एक रसायन



छोड़ती है, जिसे सूंघते हुए बाकि चीटियां रानी चीटी के पीछे चलती रहती हैं। इस रसायन का नाम फेरोमोन्स है, जिसमें एक खास प्रकार की गंध मौजूद होती है। इसी को सूंघकर सभी चीटियां एक-दूसरे का पीछा करते हुए चलती रहती हैं। यही वजह है कि जमीन पर इनकी एक लाइन बनती चली जाती है। हालांकि एक रोचक बात यह भी है कि यह देखने में सक्षम नहीं होती, इसलिए ये गंध को सूंघते हुए चलती हैं।

## जीव की खास बातें

- चीटियां हमेशा एक परिवार बनाकर रहती हैं।
- आंख होते हुए भी चीटियां देख नहीं सकती।
- इन्हें मीठा खाना पसंद होता है।
- खास तौर पर ये अंटार्कटिका में अधिक पाई जाती हैं।
- अमेजन के जंगलों में सबसे खतरनाक चींटियां पाई जाती हैं।
- ये बहुत तेज डंक मारती हैं, इनका जीवन काल लंबा होता है।
- ‘पोगोनॉमीमेक्स ऑही’ नामक प्रजाति 30 साल तक जीवित रह सकती है।

## कैसे करें मादा-नर की पहचान

*संसार में चीटियों की कई प्रजातियां पाई जाती हैं, जैसे- रानी चीटी, नर चीटी और मादा चीटी। ये हमेशा एक साथ रहती हैं। अब सवाल यह पैदा होता है कि इनकी पहचान कैसे की जाए। नर चीटियां उड़ती हैं, क्योंकि इनके पंख होते हैं, जबकि मादा चीटी में पंख नहीं पाए जाते हैं, यही नर-मादा की पहचान है।*

कंटेंट: सुप्रिया सरकार

**रंग लाया किसान आंदोलन:** वार्ता के कई दौर के बाद बनी सहमति, हरियाणा सरकार के आश्वासन पर खत्म किया आंदोलन

# सूरजमुखी की मिलेगी उचित कीमत, राजमार्ग पर नाकेबंदी होगी खत्म

**एजेंसी** | कुरुक्षेत्र

सूरजमुखी के बीज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग को लेकर हरियाणा के कुरुक्षेत्र के पीपली में प्रदर्शन कर रहे किसानों ने राज्य सरकार से फसल के लिए उचित मूल्य के आश्वासन के बाद मंगलवार रात को अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।



भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने कहा कि शाम को जिला प्रशासन के साथ नए सिरे से बातचीत के बाद, किसानों ने कुरुक्षेत्र के पीपली में विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया और राष्ट्रीय राजमार्ग नाकाबंदी हटा ली जाएगी। कुरुक्षेत्र के उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदर्शनकारी किसानों को सूरजमुखी की फसल के उचित मूल्य का आश्वासन दिया गया है। इससे पहले सूरजमुखी के बीज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की मांग को लेकर किसानों ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के पीपली में राष्ट्रीय राजमार्ग मंगलवार को लगातार दूसरे दिन अवरुद्ध रखा। सोमवार को और मंगलवार दोपहर तक किसानों और जिला प्रशासन के बीच वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई, लेकिन शाम को इसमें सफलता मिली। इससे पहले टिकैत ने राज्य सरकार से मांग स्वीकार करने या किसानों को जेल भेजने के लिए कहा था। प्रदर्शनकारी किसानों ने इस मुद्दे पर एक महापंचायत आयोजित करने के बाद सोमवार दोपहर से पीपली के पास राजमार्ग (एनएच-44) को अवरुद्ध कर दिया था। यह राजमार्ग दिल्ली को चंडीगढ़ तथा कुछ अन्य मार्ग से जोड़ता है।

### यह थी किसानों की मांग

किसान मांग कर रहे थे कि राज्य सरकार सूरजमुखी को 6,400 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे। भावांतर भरपाई योजना के तहत राज्य सरकार एमएसपी से नीचे बेची जाने वाली सूरजमुखी की फसल के लिए अंतरिम समर्थन के रूप में 1,000 रुपये प्रति क्विंटल दे रही है।

### राजमार्ग पर लगाए टेंट

गतिरोध जारी रहने के बीच कुछ किसानों ने चिलचिलाती गर्मी से खुद को बचाने के लिए राजमार्ग पर टेंट लगा लिए थे। इससे पहले टिकैत ने मंगलवार दोपहर संवाददाताओं से कहा था, किसान अपना विरोध खत्म नहीं करेंगे, वे इस तरह यहां से नहीं जाएंगे। सरकार या तो उनकी मांग पूरी करे या उन्हें जेल भेजे।

### सभी फसलों के लिए MSP कानून की मांग

टिकैत ने कहा कि सूरजमुखी बीजों के लिए एमएसपी का मुद्दा न केवल हरियाणा के किसानों को बल्कि पूरे किसान समुदाय को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी फसलों के लिए एक एमएसपी कानून की मांग कर रहे हैं। सूरजमुखी के बीजों के लिए एमएसपी के अलावा किसान नौ किसान नेताओं को रिहा करने की भी मांग कर रहे हैं जिन्हें शाहाबाद में हाल में प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया था।

### सतर्कता ब्यूरो के समक्ष पेश हुए पूर्व सीएम चन्नी



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को मोहाली में सतर्कता ब्यूरो के समक्ष पेश हुए। ब्यूरो चन्नी के खिलाफ उनकी आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रहा है। चन्नी से इससे पहले अप्रैल में इस मामले में पूछताछ की गई थी। ऐसा माना जाता है कि ब्यूरो ने चन्नी की संपत्ति के बारे में एक रिपोर्ट तैयार की है, जिसकी तुलना कांग्रेस नेता द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले संपत्ति के ब्योरे से की जाएगी। ब्यूरो ने मार्च में उनके खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' जारी किया था।

### महाराष्ट्र में साढ़े 3 लाख लोग पार्टी में शामिल: BRS



**औरंगाबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने दावा किया है कि उसने महाराष्ट्र में 15000 गांवों से करीब साढ़े तीन लाख लोगों को पार्टी में शामिल किया है। राव ने पिछले महीने पार्टी के विस्तार अभियान की शुरुआत की थी और इसका मकसद महाराष्ट्र की सभी 288 विधानसभाओं तक पहुंचना है। बीआरएस के किसान प्रकोष्ठ के प्रमुख माणिक कदम के मुताबिक, पार्टी ने ऑनलाइन मंच का इस्तेमाल कर दो लाख नए लोगों को कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी में शामिल किया है। उन्होंने कहा, जहां इंटरनेट का मसला था, वहां हमने ऑफलाइन तरीकों का उपयोग किया।

**पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव**

# हाई कोर्ट का आदेश: केंद्रीय बलों को किया जाए तैनात

**एजेंसी** | कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने आठ जुलाई को होने वाले पश्चिम बंगाल पंचायत चुनावों के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए समय बढ़ाने का फैसला राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) के विवेक पर छोड़ दिया।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने एसईसी को पंचायत चुनावों के लिए पश्चिम बंगाल के पुलिस बल के साथ मिलकर काम करने के वास्ते केंद्रीय बलों की मांग करने को कहा। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि नामांकन पत्र दाखिल करने की समय सीमा बढ़ाने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जा सकता, जिसकी अंतिम तिथि 15 जून है। पीठ में न्यायाधीश हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि समय बढ़ाने का फैसला एसईसी को करना है और वह इस मामले में निर्णय लेने के लिए सक्षम है।

**■ नामांकन की तिथि बढ़ाने पर फैसला राज्य निर्वाचन आयोग पर छोड़ा**



### नामांकन के चौथे दिन भी हिंसा

इस बीच, पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किए जाने के चौथे दिन भी हिंसा हुई और राज्य के दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर में बम फेंके गए जिससे कई लोग घायल हो गए। यह घटना बिजयगंज बाजार के पास हुई जो प्रखंड विकास कार्यालय (बीडीओ) से एक किलोमीटर से भी कम दूर है। नामांकन पत्र प्रखंड विकास कार्यालय में दाखिल किए जा रहे हैं। इस घटना को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी आईएसएफ ने एक दूसरे पर हिंसा में शामिल होने का आरोप लगाया।

### कांग्रेस व वाम के गठबंधन से भाजपा के समक्ष बढ़ीं सियासी चुनौतियां

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में आगामी पंचायत चुनाव को भाजपा के लिए परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि माकपा एवं कांग्रेस के राज्य में मजबूती से उभरने के कारण भाजपा के समक्ष मुख्य विपक्ष की अपनी स्थिति को बचाए रखने की चुनौती है। भाजपा की राज्य इकाई के नेताओं का कहना है कि भले ही उनकी पार्टी पांच साल पहले की तुलना में संगठन के मामले में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस से मुकाबला करने के लिए बेहतर स्थिति में है, लेकिन कांग्रेस-माकपा गठबंधन के फिर से मजबूत होने से भाजपा के मत प्रतिशत में गिरावट दर्ज की गई है।

### भाजपा: ताकत की थाह पाने का मौका

राज्य की लगभग 65 प्रतिशत आबादी को जमीनी स्तर पर नियंत्रित करने वाली पंचायती राज संस्थाओं के ग्रामीण चुनाव भी भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले बूथ स्तर पर अपनी संगठनात्मक तैयारियों का आकलन करने का अवसर प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल की 42 लोकसभा सीट में से 35 सीट जीतने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव अनुपम हाजरा ने, यद्यपि हम 2018 की तुलना में संगठनात्मक रूप से बहुत बेहतर स्थिति में हैं, यह भी सच है कि पिछले पंचायत चुनावों के विपरीत, इस बार हम तृणमूल कांग्रेस से लड़ने वाले अकेले नहीं हैं। पिछले कुछ स्थानीय चुनावों में माकपा-कांग्रेस गठबंधन ने अपनी खोई हुई जमीन बहुत हद तक वापस हासिल कर ली है।

**तमिलनाड़ में ईडी की कार्रवाई**

# मंत्री वी सेंथिल के परिसरों पर छापे



**एजेंसी** | चेन्नई

प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन के एक मामले की जांच के तहत मंगलवार को तमिलनाडु के बिजली मंत्री वी सेंथिल बालाजी और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि यहां और इरोड के अलावा बालाजी के गृह जिले करूर में भी तलाशी ली गई। ईडी के अधिकारियों ने कहा कि यहां सचिवालय में बालाजी के कार्यालय में भी तलाशी ली गई। पांच साल में यह दूसरी बार है जब केंद्रीय जांच एजेंसी से जुड़े अधिकारियों ने सचिवालय के अंदर तलाशी ली। दिसंबर 2016 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जे. जयललिता की मृत्यु के कुछ दिन बाद तत्कालीन मुख्य सचिव पी. राम मोहन राव के खिलाफ आयकर अधिकारियों ने सचिवालय में तलाशी ली थी।

### जांच में सहयोग का आश्वासन

करूर जिले से ताल्लुक रखने वाले द्रमुक के कद्दावर नेता बालाजी ने कहा कि उन्हें यह जानकारी नहीं है कि अधिकारी उनके परिसरों पर क्या खोजने आए हैं। उन्होंने जांच में पूरी तरह सहयोग का आश्वासन दिया।

### सीएम ने साधा BJP पर निशाना

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने बालाजी के खिलाफ ईडी के छापेमारी को लेकर केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वह अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को पिछले दरवाजे से डराने-धमकाने में लिप्त है।

**नया सियासी राग:** शिंदे नीत शिवसेना का दावा

# सीएम पद के लिए फडणवीस की तुलना में शिंदे ज्यादा लोगों को पसंद

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने मंगलवार को एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए एक विज्ञापन प्रकाशित किया जिसमें शिंदे को मुख्यमंत्री पद के लिए भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस की तुलना में अधिक लोगों की पसंद दर्शाया गया है।

विभिन्न समाचार पत्रों में पूरे पन्ने का विज्ञापन जारी किया जिसका शीर्षक था, 'राष्ट्र में मोदी, महाराष्ट्र में शिंदे सरकार।' वहीं मुख्यमंत्री शिंदे ने बाद में यह कहते हुए इसे अधिक तवज्जो नहीं देने का प्रयास किया कि वह और





भाजपा नेता फडणवीस दोनों लोगों के मन में हैं और मिलकर काम कर रहे हैं। गौरतलब है कि, कई अखबारों में छपे इस विज्ञापन में शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की तस्वीर नहीं थी, जिसके बाद शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी को मोदी-शाह की शिवसेना करार दिया। इसमें शिवसेना का धनुष-बाण चिह्न और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शिंदे की तस्वीर थी, लेकिन फडणवीस की तस्वीर नहीं थी। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की प्रचार सामग्री में बाल ठाकरे की तस्वीर का न होना उसके पहले के रुख से एक बदलाव दिखाता है।

**कांग्रेस पर साधा निशाना:** वादे पूरे नहीं करने का आरोप

# प्रियंका गांधी मौसमी हिंदू: राजनाथ सिंह

**एजेंसी** | भोपाल

मध्यप्रदेश में नर्मदा नदी की पूजा करने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को उनका नाम लिए बिना उन्हें 'मौसमी हिंदू' करार दिया। सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस लोगों को गुमराह कर रही है, जिन्हें हकीकत समझनी चाहिए। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, अब कुछ लोग मौसमी हिंदू बन गए हैं। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे हनुमान की गदा लेकर जनसभा कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मप्र में पिछले विधानसभा चुनाव से पहले किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है।




अब वे नए सिरे से पांच 'गारंटी' का आश्वासन दे रहे हैं। उन्होंने किसानों के कर्ज माफ करने की पहली गारंटी भी पूरी नहीं की। इस अवसर पर, सिंह ने मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 70 लाख लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में कुल 1,400 करोड़ रुपए तथा 2,000 रुपए प्रति किसान की राशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उन्होंने वादा किया था कि राज्य सरकार उन किसानों के कृषि ऋण पर अर्जित ब्याज जमा करेगी, जिन्होंने ऋण नहीं चुकाया क्योंकि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उनके ऋण को माफ करने का वादा किया था। ऐसे किसानों को रक्षा मंत्री द्वारा ब्याज के रूप में 2,123 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई।

**नीतीश पर 'हम' के जदयू में विलय का दबाव डालने का आरोप**

# बिहार में गरमाई सियासत: जीतन मांझी के बेटे का मंत्रिमंडल से इस्तीफा

**एजेंसी** | पटना

बिहार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री संतोष सुमन ने मंगलवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल से अचानक इस्तीफा दे दिया। इससे राज्य की राजनीति गरमा गई है। सुमन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हम के दल जद (यू) में विलय के लिए दबाव बनाए जाने का आरोप लगाया है।

सुमन हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। उनके पास पास अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग था। सुमन के पिता एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके जीतन राम मांझी ने हम पार्टी की स्थापना की थी। सुमन ने कहा, मैंने



अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री को भेज दिया है और अपनी बात रखने के लिए व्यक्तिगत रूप से जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी से मिला हूं। उम्मीद है कि मेरा इस्तीफा स्वीकार कर लिया जाएगा। हालांकि, हमलोग महागठबंधन से बाहर नहीं हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने पिछले साल राजग छोड़ने और मुख्यमंत्री के प्रति अपनी वफादारी के कारण महागठबंधन में शामिल होने का फैसला किया था, उस वक्त वह पार्टी के अध्यक्ष थे।

सुमन ने कहा, यह मुख्यमंत्री को तय करना है कि हमें महागठबंधन में रखा जाएगा या निष्कासित किया जाएगा। हम उसी के अनुसार निर्णय करेंगे। लेकिन जद (यू) के प्रस्ताव को देखते हुए मुझे अपनी पार्टी को विलुप्त होने से बचाने का फैसला लेना पड़ा। इसलिए मैंने इस्तीफा दे दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि जीतन राम मांझी के बेटे का इस्तीफा महागठबंधन में मौजूद खाई का सबूत है। महागठबंधन को लोगों ने खारिज कर दिया है और यह अगले साल लोकसभा चुनाव में स्पष्ट होगा और एक साल बाद विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की हार होगी। सुमन बिहार विधान परिषद की सदस्य हैं। हम के मांझी समेत कुल चार विधायक हैं।

### पछताएंगे मांझी: तिवारी

महागठबंधन के सबसे बड़े घटक दल राजद के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा, मांझी अपने दबाव की रणनीति और चालबाज़ी के लिए जाने जाते हैं। हालांकि हमारी सरकार इस फैसले से प्रभावित नहीं होगी, यह एक ऐसा कदम है जिसका उन्हें पछतावा होगा। जद (यू) द्वारा विलय के लिए दबाव डालने के दावों में दम नहीं है।

### सरकार पर असर नहीं

बिहार विधानसभा में हम के मांझी समेत कुल चार विधायक हैं। प्रदेश की 243 सदस्यीय विधानसभा में सरकार के बने रहने के लिए 122 सदस्यों की आवश्यकता होती है। हम को छोड़ कर महागठबंधन के सदस्यों की संख्या अब भी 160 है। इसमें कांग्रेस और वामपंथी दल भी शामिल हैं।

### एक माह पहले शाह से मिले थे मांझी

करीब एक महीने पहले मांझी ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। तभी से अटकलों का बाजार गर्म हो गया था। इसके बाद पिता-पुत्र की जोड़ी ने लोकसभा चुनाव में हम के लिए कम से कम पांच सीटों की बार-बार मांग की गई।

### नीतीश के आशीर्वाद से ही बने थे CM

मंत्री और जद (यू) के वरिष्ठ नेता लेशी सिंह ने मांझी को याद दिलाया कि यह नीतीश कुमार के आशीर्वाद के कारण ही था कि वह मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे। लेशी सिंह का इशारा 2014 में उस राजनीतिक उथल-पुथल की ओर था, जब नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव में जद (यू) की हार के लिए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मांझी मुख्यमंत्री बने थे। वह आठ महीने तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे थे। या।उन्होंने उस वर्ष के अंत में हुए विधानसभा चुनाव में राजग के सहयोगी के रूप में शुरुआत की, लेकिन तब से एक से अधिक मौकों पर वह गठबंधन बदल चुके हैं।

### मंत्रिमंडल का विस्तार संभव

सुमन के इस्तीफे के बाद ऐसी अटकलें हैं कि 23 जून को पटना में प्रस्तावित विपक्षी दलों की बैठक से पहले राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार किया जा सकता है और उसमें दलित समुदाय को समुचित प्रतिनिधित्व दिए जाने की कोशिश की जा सकती है।

## जरूरी खबर

### दो पुलिस अफसरों को 100 पेड़ लगाने का कोर्ट का निर्देश



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के दो पुलिस अधिकारियों को फल देने वाले 100 पेड़ लगाने का निर्देश दिया है। अदालत यहां पेड़ों के संरक्षण पर न्यायिक आदेशों के उल्लंघन के लिए शहर के कई अधिकारियों के खिलाफ एक अवमानना मामले की सुनवाई कर रहे थे। दोनों पुलिस कर्मियों द्वारा खेद प्रकट करने का अदालत ने संज्ञान लिया और न्यायाधीश ने उन्हें अवमानना की कार्यवाही से आरोप मुक्त कर दिया लेकिन अधिकारियों से किंग्सवे कैंप में दिल्ली सशस्त्र पुलिस परेड ग्राउंड में वृक्षारोपण अभियान चलाने को कहा और यह भी कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि हर पेड़ का न्यूनतम नर्सरी जीवन तीन साल हो और उसकी ऊंचाई कम से कम 10 फीट हो।

### मां की हत्या, बेटी सूटकेस में शव लेकर थाने पहुंची

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में 39 वर्षीय एक फिजियोथेरेपिस्ट ने अपनी मां की कथित रूप से हत्या कर दी और बाद में वह शव को एक सूटकेस में रखकर पुलिस थाने आत्मसमर्पण करने पहुंची। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी सोनाली सेन पश्चिम बंगाल की निवासी है और अपने माता-पिता की एकमात्र संतान है। उसने बताया कि पांच साल पहले कोलकाता में उसके पिता की मौत हो गई थी और उसके बाद से उसकी मां यहां उसके पास रह रही थी। दक्षिण पूर्व संभाग के पुलिस उपायुक्त सी के बाबा ने संवाददाताओं को बताया कि सोमवार पूर्वाह्न करीब 11 से साढ़े 11 बजे के बीच महिला ने एक कपड़े से अपनी मां का उस समय गला घोंट दिया, जब उसका पति एक कंपनी में काम करने गया हुआ था।

### गुजरात दंगा: बेस्ट बेकरी कांड के दो आरोपी बरी

**मुंबई।** मुंबई की एक सत्र अदालत ने वर्ष 2002 के गुजरात दंगे के दौरान हुए बेस्ट बेकरी कांड के दो आरोपियों को मंगलवार को बरी कर दिया। बेस्ट बेकरी में भीड़ के हमले में 14 लोग मारे गए थे। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने हर्षद सोलंकी और मफत गोहिल को सभी आरोपों से बरी कर दिया। बेस्ट बेकरी मामले में पहले चरण की सुनवाई के दौरान चश्मदीद गवाहों ने कुछ आरोपियों द्वारा निभाई गई भूमिका की गवाही थी। उसी के आधार पर उन्हें दोषी करार दिया गया था।

## चक्रवात 'बिपरजॉय' से दो-दो हाथ करने की तैयारी







**कच्छ।** गुजरात के तट की ओर बढ़ रहे शक्तिशाली चक्रवात 'बिपरजॉय' के कारण किसी भी संभावित स्थिति से निपटने की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं और तटीय गांवों से सैंकड़ों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। फोटो एक में अहमदाबाद में राहत अभियान की तैयारी कर रहे सेना के जवान। भुज, जामनगर, गांधीधाम, वडोदरा और गांधीनगर व अन्य कई जगहों पर बाढ़ राहत दस्तों को तैयार रखा गया है। उन्होंने बचाव अभियान का अभ्यास भी किया। फोटो दो में ओखा में बचाव अभियान में जुटा तटरक्षक बल और फोटो 3 में जखाऊ बंदरगाह पर लंगर डाले खड़ी मछुआरों की नावें। -पीटीआई

ट्विटर के पूर्व सीईओ डोर्सी के कंपनी को धमकाने के दावे पर बवाल

# सरकार ने बताया सफेद झूठ विपक्ष ने की जांच की मांग

एजेंसी | नई दिल्ली

ट्विटर के सह-संस्थापक जैक डोर्सी ने सनसनीखेज दावा किया है कि भारत सरकार ने वर्ष 2020 और 2021 में तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के दौरान सरकार की आलोचना वाले खातों और पोस्ट को हटाने का अनुरोध नहीं मानने पर कंपनी का कामकाज बंद करने और उसके कर्मचारियों पर छापे मारने की धमकी दी थी।

सरकार ने इस आरोप को सफेद झूठ बताकर खारिज कर दिया है। साल 2021 में ट्विटर के सीईओ पद से इस्तीफा दे चुके डोर्सी ने एक साक्षात्कार में सरकार पर दबाव बनाए जाने का आरोप लगाते हुए कहा, यह कई तरीकों से किया गया, जैसे :हम भारत में ट्विटर को बंद कर देंगे, जो हमारे लिए बहुत बड़ा बाजार है। 'हम आपके कर्मचारियों के घरों पर छापे मारेंगे', जो उन्होंने किया। और यह भारत है, एक



लोकतांत्रिक देश। डोर्सी के इस दावे के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने ट्वीट में कहा, 'भारत दुनिया का सबसे बड़ा और पारदर्शी लोकतंत्र है। भारत में जब भी चुनाव नज़दीक होते हैं तो कुछ विदेशी ताक़तें और यहां उनके एजेंट एक योजनाबद्ध तरीक़े से देश को अस्थिर व बदनाम करने के लिए सक्रिय होते हैं। उन्होंने दावा किया कि जैक डोर्सी सफ़ेद झूठ बोल रहे हैं। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर ने डोर्सी के दावों को खारिज करते हुए ट्वीट किया कि डोर्सी के समय ट्विटर प्रशासन को भारतीय कानून की संप्रभुता को स्वीकार करने में दिक्कत होती थी। उन्होंने कहा, कोई जेल नहीं गया और ना ही ट्विटर बंद किया गया।

### यह बोले डोर्सी

तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों के प्रदर्शन के दौरान सरकार की आलोचना वाले खातों और पोस्ट को हटाने का अनुरोध नहीं मानने पर कंपनी का कामकाज बंद करने और उसके कर्मचारियों पर छापे मारने की धमकी दी थी।

### लोकतंत्र को कमजोर कर रही है सरकार

डोर्सी के इस दावे के बाद कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने सरकार पर तीखा प्रहार किया और आरोप लगाया कि वह लोकतंत्र को कमजोर कर रही है तथा विरोध के स्वर को कुचल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ट्वीट किया, भाजपा-आरएसएस के राजनीतिक वंशज, जिनके पूर्वज स्वतंत्रता के आंदोलन में हिन्दुस्तानियों के ख़िलाफ़ खड़े होकर अंग्रेजों के पक्ष में लड़े, वो ट्विटर के पूर्व सीईओ के बयान पर राष्ट्रवाद का ढोंग न रचें ! देश को शर्मिंदा करने में भाजपा अव्वल है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर किसानों के आंदोलन को विफल करने का प्रयास किया गया था, तो यह गलत है। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओब्रायन ने दावा कि मोदी सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान न सिर्फ किसानों को डराया-धमकाया था, बल्कि वो भी किया जिसका दावा डोर्सी ने किया है। माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि इस सरकार में पूरे 'इकोसिस्टम' का पुरजोर तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा है।

केरल हाई कोर्ट का फैसला

## कानून 'लिव-इन रिलेशनशिप' को नहीं मानता विवाह



एजेंसी | कोच्चि

केरल उच्च न्यायालय ने कहा है कि कानून 'लिव-इन रिलेशनशिप' को विवाह के तौर पर मान्यता नहीं देता है, यह 'पर्सनल लॉ' या धर्मनिरपेक्ष कानूनों के अनुसार होने वाले विवाहों को ही वैध मानता है।

न्यायाधीश ए. मुहम्मद मुस्ताक और न्यायाधीश सोफी थॉमस की पीठ ने कहा कि किसी समझौते के आधार पर एकसाथ रहने वाला जोड़ा न तो विवाह होने का दावा कर सकता और ना ही उसके आधार पर तलाक का अनुरोध कर सकता है। पीठ का यह फैसला एक अंतर-धार्मिक जोड़े की अपील पर आया। इस जोड़े ने उस परिवार अदालत के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी, जिसने तलाक के अनुरोध वाली उनकी याचिका खारिज कर कहा था कि उनका विवाह विशेष विवाह अधिनियम के तहत नहीं हुआ। इस जोड़े में एक हिंदू और दूसरा ईसाई है। जोड़ा एक पंजीकृत सहमति से 2006 से साथ रह रहा था। दोनों का 16 साल का बच्चा भी है। वे अब अपने रिश्ते को जारी नहीं रखना चाहते, उन्होंने तलाक के लिए परिवार अदालत का रुख किया था। उच्च न्यायालय ने अपील का निस्तारण करते हुए कहा, यदि पक्षकार सहमति से साथ रहने का फैसला करते हैं, तो यह उन्हें विवाह के रूप में दावा करने और तलाक का दावा करने के योग्य नहीं बनाता।

रोजगार मेला: 70,126 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

## सरकारी नियुक्तियों में भ्रष्टाचार खत्म

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकारी नौकरियों की नियुक्तियों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को 'परिवारवादी' राजनीतिक दलों पर निशाना साधा और कहा कि ऐसी पार्टियों ने विभिन्न पदों के लिए अपने 'रेट कार्ड' से युवाओं को 'लूटा' है जबकि उनकी सरकार उनके उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने के लिए काम कर रही है।



रोजगार मेले के तहत 70,126 नव-नियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि परिवारवादी दलों ने भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को बढ़ावा देकर युवाओं के सपनों को 'चूर-चूर' किया जबकि वर्तमान सरकार उनके संकल्पों को साकार करने में लगी है। मोदी ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पहले एक से डेढ़ साल लगते थे, अब यह कुछ महीनों में पूरी हो जाती है। मोदी ने कहा, रेट कार्ड आपके सपनों को चूर-चूर कर देते हैं जबकि हम आपके संकल्पों को साकार करने में लगे हैं।

## 'भारत को मिले स्थायी सदस्यता'

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की मंगलवार को जोरदार पैरवी करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र के निकायों को और अधिक लोकतांत्रिक बनाया जाए। संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के 75वें साल के अवसर पर एक संगोष्ठी में सिंह ने कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता नहीं मिलती है तो यह इस वैश्विक संगठन की नैतिक वैधता को कमजोर करेगा।

## जीत का जश्न



**बेंगलुरु।** महिलाओं की जूनियर एशिया कप हाकी स्पर्धा की विजेता भारतीय टीम का बेंगलुरु में मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण में सम्मान किया गया। इस अवसर पर खिलाड़ियों ने अपनी जीत का जश्न मनाया।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार भारत के दौरे पर

# पीएम मोदी व अजित डोभाल से मुलाकात, दोस्ती होगी और प्रगाढ़

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकात कीऔर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति के बारे में उन्हें जानकारी दी।

पीएम मोदी की अगामी अमेरिका यात्रा को देखते हुए सुलिवन की यह मुलाकात बहुत ही अहम मानी जा रही है। सुलिवन डोभाल, विदेश मंत्री एस जयशंकर और अन्य वरिष्ठ भारतीय अधिकारियों के साथ वार्ता के लिए दो दिवसीय यात्रा



पर मंगलवार को यहां पहुंचे। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने बढ़ती और गहरी होती भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी पर संतोष व्यक्त किया। मोदी ने कहा कि वह एक सार्थक यात्रा और आपसी हित के द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर राष्ट्रपति बाइडन के साथ बातचीत की उम्मीद करते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। मोदी को राष्ट्रपति ने आधिकारिक राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। उनकी इस यात्रा में 22 जून को राजकीय रात्रिभोज भी शामिल होगा।

मोदी 23 जून को अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे।

### द्विपक्षीय सहयोग का रोडमैप जारी

सुलिवन ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकात के दौरान 'सेमी-कंडक्टर', अगली पीढ़ी के दूरसंचार और रक्षा सहित सात विशिष्ट उच्च-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में दोनों देशों के सहयोग के लिए एक महत्वाकांक्षी रोडमैप को जारी किया। उद्योग मंडल सीआईआई की 'क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज इनिशिएटिव (आईसीईटी) पहल पर आयोजित दूसरे 'ट्रैक-1.5 डायलॉग' में रोडमैप की घोषणा की गई। डोभाल और सुलिवन ने 'ट्रैक 1.5 डायलॉग' से पहले वार्ता की, जिसमें कई द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा हुई।

### 21वीं सदी में भारत से बेहतर साझेदार कोई नहीं

दूसरी ओर अमेरिकी बाइडन का मानना है कि भारत वैश्विक राजनीति के प्रत्येक पहलू में अहम भूमिका अदा करता है और इससे बेहतर कोई साझेदार हो ही नहीं सकता। बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी का यह बयान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आधिकारिक यात्रा पर आमंत्रित करने के पीछे प्रशासन के कारणों को जानने का एक मौका देता है। बाइडन प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को पीटीआई-भाषा' से कहा, राष्ट्रपति का मानना है कि दुनिया के किसी भी देश के साथ अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में भारत के साथ उसके संबंध काफी उन्नत है।

### आमंत्रण से पहले हुआ था गहन विचार-विमर्श

धिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि प्रधानमंत्री मोदी को आधिकारिक यात्रा पर आमंत्रित करने का निर्णय लेने से पहले प्रशासन के अंदर इस पर काफी विचार विमर्श हुआ था। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, आप कल्पना कर सकते हैं कि इस निर्णय के लिए काफी सारे मापदंड हैं। काफी कठिन मुकाबला है, हकीकत यही है कि भारत वैश्विक राजनीति के प्रत्येक पहलू में अहम भूमिका अदा करता है। उन्होंने कहा, मुझे यह भी लगता है कि यह कहना उचित होगा कि राष्ट्रपति क्वाड और वैश्विक मंचों पर कई बैठकों के दौरान निकटता से काम करने के कारण प्रधानमंत्री मोदी को और ज्यादा जानते हैं।

## आर्ट कैंप: राजस्थान ललित कला अकादमी में विविध रूपों में नजर आया कलाकारों का हुनर





# नेचुरल रिसोर्सेज को बचाने का मैसेज

**बेधड़क, जयपुर।** चितेरों की कला मूर्तरूप लेने के बीच 'वैश्विक कला के विविध आयाम' विषय पर कला वार्ता आयोजित की गई तो हर किसी ने अपने विचारों से कला को आगे बढ़ाने की बात की। इस दौरान कलाविद प्रोफेसर शब्बीर हसन और कलाकार रविंद्र भारद्वाज मुख्य वक्ता रहे। दोनों ने विश्व की विभिन्न कलाओं के बारे में हो रहे कला प्रयोगों पर चर्चा की। मौका था राजस्थान ललित कला अकादमी की ओर से आयोजित 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आर्ट कैंप में राज्यभर के कलाकारों की ओर से अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन करने के बीच चर्चा का। अकादमी अध्यक्ष मूर्तिकार लक्ष्मण व्यास की अध्यक्षता में कला वार्ता आयोजित की गई।



### आदिवासी और एक्रिलिक आर्ट

कलाकारों ने विभिन्न तरह की कलाओं को कैनवास पर साकार किया। कैंप में राजस्थान के जिलों से आए 50 आर्टिस्ट्स ने मॉर्डन, कंटेम्परी, आदिवासी, एक्रिलिक, वाटर कलर, ऑयल पेंट और मिक्स मीडिया आर्ट को कैनवास पर उतारा।

### कुछ ऐसी रही आर्ट

मंदिर के पीछे महिलाएं स्वस्तिक बनाती हैं, उसे कोटा के आर्टिस्ट बृज सुंदर शर्मा ने पेंटिंग पर उकेरा। बूंदी से आए आर्टिस्ट राम प्रतिहार ने जीवन, मन व उड़ान अपनी रचनाओं से बखूबी दर्शाया। सुरेंद्र सिंह ने विरासत के प्रति जागरूक करने प्रयास किया। उदयपुर के सूरज सोनी, जो एजुकेशन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर हैं ने रचनाओं में बताया कि नेचुरल रिसोर्सेज लगातार खत्म करते जा रहे है। इन्हें हमें सहेजना होगा। टोंक के कलाकार महेश गुर्जर ने ग्रामीण महिलाओं की खूबसूरती और कृष्ण लीला पर चित्रों में दर्शाई। सीकर के सतवीर सिंह भास्कर ने कालिदास के कुमार संभव पर आधारित कृतियां बनाई। वहीं टोंक के उमेश साहू ने विविध मानसिक अवस्थाओं पर चित्र बनाए।

### हाशिए पर न रह जाए कला

आयोजकों ने बताया कि शिविर के आयोजन के पीछे उद्देश्य ऐसे कलाकारों को सामने लाना है जो वर्षों से हाशिए पर रहे हैं और श्रेष्ठ सृजन कार्य होने पर भी उनकी प्रतिभा सामने नहीं आई। शिविर में अधिकांश कलाकार युवा हैं। उन्होंने अकादमी के किसी आर्ट कैम्प में भाग नहीं लिया है। सभी कलाकारों की अपनी विशिष्ट शैली है, जिसे वे रूप प्रदान कर रहे हैं।

### ज्यादा जयपुर और उदयपुर के कलाकार

दुर्धित भास्कर, वर्षा झाला और कुमुदनी भरावा उदयपुर से तो अमर प्रजापत व कृष्ण कुमार कुंदारा जयपुर, महेश कुमावत किशनगढ़, बृज सुन्दर शर्मा कोटा, सुनील जांगिड़ बूंदी, पुष्पकांत मिश्रा अजमेर, करुणा वनस्थली विद्यापीठ, महेश गुर्जर टोंक, गौरव सैनी तिजारा अलवर से हिस्सा ले रहे हैं। कैंप में सबसे ज्यादा जयपुर और उदयपुर के कलाकार हैं।



## जयपुराइट्स ने किया श्रमदान



**बेधड़क. जयपुर।** टीम 10 ट्री एंबुलेंस ग्रुप ने एक साथ एक समय 2 टीम बनाकर दो अलग-अलग जगह श्रमदान किया और प्लांटेशन करते हुए जयपुर को ग्रीन बनाने का प्रयास किया। 21 लोगों ने श्रमदान किया। साथ ही 4 पिकअप मलवा उठाकर सफाई की। 18 बड़े पानी के टैंकर विद्याधर नगर की ग्रीन बेल्ट में डाले गए। ऐसे में दोपहर 1 बजे तक विद्याधर नगर की विभिन्न सड़कों पर पेड़ों की सार-सम्भाल की गई। अब बुधवार को ट्री एंबुलेंस की पहली टीम सेंट्रल स्पाइन सिने स्टार सिनेमा के पास पेड़ों की सार-संभाल और श्रमदान कर पौधारोपण करेगी। वहीं दूसरी टीम पिकअप से विद्याधर में अलग-अलग जगह से मलबा उठाएगी।

## 16 को आएगी 'झगड़ालू बहू'

**बेधड़क. जयपुर।** नाटक 'झगड़ालू बहू' के माध्यम से पारिवारिक सुख-दुख पर कॉमेडी कटाक्ष किया जाएगा। इसके लिए नाटक का मंचन शुक्रवार को रविंद्र मंच पर होगा। शाम 7 बजे से होने वाले नाटक में आगाज द अमेजिंग रंगमंच ग्रुप के कलाकार प्रस्तुत कॉमेडी ड्रामा को मूर्त रूप देंगे। नाटक की कहानी में बिरजू शादी करने के लिए विज्ञापनों में दिए गए अलग-अलग टेलीफोन नम्बर पर फोन करता है। अंत में सही जगह फोन लग जाता है। बिरजू लड़की से काफी देर तक बात करता है और शादी करने का फैसला लेता है। इसके बाद कहानी आगे बढ़ती है।

## विकास कार्यों का शिलान्यास



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने 3 वार्डों 125,127 और 129 में विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। वार्ड 125 पार्षद रामप्रसाद शर्मा ने बताया कि खवास जी के बाग में सड़क काफी समय से टूटी हुई थी। नगर निगम ग्रेटर द्वारा पार्षद कोष से सीसी सड़क का निर्माण करवाया जा रहा है। सराफ ने बताया कि विधानसभा में सभी विधायकों ने सड़कों के नवीनीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए की मांग की थी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों मे विधायकों को सड़कों के नवीनीकरण के लिए 10 करोड़ रुपए पीडब्ल्यूडी से स्वीकृत किए थे। सराफ ने बताया कि इसी बजट में से वार्ड 127 सेक्टर 3 मालवीय नगर में पीडब्ल्यूडी द्वारा 58 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सड़कों का नवीनीकरण करवाया जा रहा है। जय जवान प्रथम वार्ड 129 में स्थानीय लोगों की मांग पर विधायक कोष से प्रदत्त 8 लाख रुपए से निर्मित सीसी सड़क का सराफ ने रिबिन काटकर लोकार्पण किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया।

## गणेशजी के झांकी आज

**बेधड़क, जयपुर।** ब्रह्मपुरी माउंट रोड स्थित प्राचीन सिद्धि प्रदाता, दाहिनीं सूंड व दक्षिणमुखी श्रीनहर के गणेश महाराज के मंदिर में बुधवार को फूल बंगला झांकी उत्सव व भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि उत्सव मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर प्रभु गणपति को नवीन पौषाक व साफा धारण कराकर ऋतु पुष्पों मोगरा, नवरंगा, पीला गेंदा, गुलाब, लिलि, चांदनी, हजारा, आसापाला सहित विभिन्न प्रकार के विदेशी पुष्पों से भगवान का 'शृंगार कर झांकी सजाई जाएगी, जिसके शाम 5 बजे से देर रात्रि तक कर सकेंगे। भजन संध्या में आकांक्षा रावल, गोपाल सिंह राठौड़, मास्टर पिन्टू, सांवरमल कथक, हेमराज, प्रहलाद गुर्जर, आकांक्षा दवे कटारिया, रतनलाल सहित अनेक कलाकार गायन की हाजिरी देंगे।

## तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्म के 21वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मनाया गया। अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसार दिगम्बर जैन मंदिरों में सुबह मंत्रोच्चार से श्रीजी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। इसके बाद भगवान नेमीनाथ की अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान जन्म कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए जन्म कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। तप कल्याणक श्लोक के उच्चारण पश्चात जयकारों के साथ तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाया गया। वहीं, आगरा रोड पर श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज, जनकपुरी के श्रीनेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

## City इवेंट्स

### शिविर में 108 यूनिट ब्लड डोनेट



**बेधड़क. जयपुर।** नूतन फाउंडेशन चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में रक्तदान शिविर लगाया गया। संस्था अध्यक्ष नूतन सैनी ने बताया कि शिविर में कुल 108 यूनिट रक्त एकत्र हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री डॉ. महेश जोशी, रोहित जोशी, पीसीसी सदस्य, जावेद सेठी ब्लॉक अध्यक्ष जलमहल, पौरुष भारद्वाज राजस्थान प्रवक्ता कांग्रेस, राकेश सैनी जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, नावेद रजा अध्यक्ष हवामहल युवा कांग्रेस, भूपेन्द्र मीणा पार्षद वार्ड 11, अशोक गुर्जर, गजानंद सैनी, रमेश कुमार सैनी, श्याम सुन्दर पांचाल, अविनाश सैनी एडवोकेट हाई कोर्ट, स्नेहलता भारद्वाज महासचिव जयपुर शहर, अशोक कुमार गुर्जर, मनीष सांखला मंडल अध्यक्ष, आकाश डंगोरिया सरपंच, सूर्या मीणा, हर्षित शर्मा, तनेश शर्मा, करण शर्मा सहित अन्य युवा उपस्थित रहे। सभी ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

### युवतियों को बनाएंगे आत्मनिर्भर

**बेधड़क, जयपुर।** शहर की युवतियां हर फील्ड में आगे हैं और अब वे टफ जॉब माना जाने वाला रिक्शा ड्राइव भी करती नजर आएंगी। इसके लिए फिक्की फ्लो और एसके फाउंडेशन ने बेटियों को सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार देने के उद्देश्य से पहल की है। नेशनल एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से ई-रिक्शा ट्रेनिंग की शुरुआत की गई। फर्स्ट बैच में 17 गर्ल्स को 30 दिनों तक 90 घंटे की ट्रेनिंग दी जाएगी। उन्हें इलेक्ट्रिक व्हीकल के लिए गवर्नमेंट की स्कीम्स के जरिए लोन दिलाए जाएंगे। साथ ही संस्था ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य डॉक्यूमेंट बनाने में मदद मिलेगी। ट्रेनिंग करने वाली लड़कियों को आजीविका के लिए स्कूल, हॉस्पिटल फैक्ट्रीज से कनेक्ट कराया जाएगा।

### गांधी पीस फाउंडेशन का पौधारोपण

**बेधड़क, जयपुर।** गांधी पीस फाउंडेशन ने मंगलवार को गोल्फ क्लब में पौधारोपण किया। इस मौके पर क्लब में एक हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष कुमार प्रशांत ने कहा कि वातावरण को हरा भरा रखने के सभी नागरिकों को पौधारोपण कर उसका सरंक्षण करना चाहिए। धरती पर कम होते जंगल के कारण लगातार तापमान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डर व अराजकता के माहौल में गांधी पथ पर चलकर देश में शांति कायम की जा सकती है।



इस दौरान पूर्व एडवोकेट जनरल गिरधारी सिंह बाफना, एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार हरितवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा, क्लब के कैप्टन शिरीष संचेती, आर एस देव सहित कई लोग मौजूद रहे।

## नाटक के जरिए दिया सोशल मैसेज

# परिवार का सहारा नहीं मिला तो बाछाराम ने बगीचा रखा गिरवी

**बेधड़क | जयपुर**

उम्र के अंतिम पड़ाव पर आकर जब परिवार का सहारा नहीं मिला तो अपने बगीचे को जमींदार के पास थोड़े से नफे के चक्कर में गिरवी रख दिया। फिर लालची जमीदार बगीचे को हड़पना चाहता है। यह कहानी है धरोहर संस्था की ओर से व आलारिपु संस्था द्वारा प्रस्तुत सामाजिक हास्य व्यंग नाटक 'बगिया बांछाराम' की। नाटक का मंचन रविंद्र मंच पर किया गया। जमींदार बगीचे पर बुरी नजर रखता है, लेकिन अंत में बूढ़े बांछाराम को बगीचा वापस मिल जाता है।

इसके बाद वे परिवार से दोहिते, बहु व पड़पोते के साथ नई जिंदगी की शुरुआत करता है। यह उस ओर ध्यान दिलाता है, जहां समाज के निम्न तबके का शोषण करने में मर्यादा व इंसानियत खत्म कर दी जाती है।



नाटक का उद्देश्य भी यही था, कि सदियों से किसानों पर हो रहे अत्याचार को सामने लाया जाए और व्यवस्था सुधरे। नाटक में बांछाराम-गौरव त्रिपाठी, नौकोड़ी-मेहराज, गोपी-मयंक सिरा, पदमा-ईरम, छह कौड़ी-सोनू, मालकिन-नंदा सिंह, पंडित-विकास सैनी, चोर-जतिन, लोटन-छोटन- विक्रांत बने।

मंच का संचालन सिकंदर चौहान ने किया। मंच व्यवस्था कपिल ने तथा प्रकाश व्यवस्था कैलाश सोनी ने संभाला। सामग्री गौरव त्रिपाठी, तकनीकी सहयोग हिमांशु झांकल का तथा विशेष सहयोग केके कोहली का रहा।

## सच्चाई का आईना | रंगशिल्प की ओर से राजस्थान पुलिस अकादमी में नाटक का मंचन

# जीने को रोटी, कपड़ा और मकान ही नहीं 'वगैरह' भी चाहिए

**बेधड़क | जयपुर**

इंसान को जीने के लिए सिर्फ रोटी कपड़ा और मकान की ही जरूरत नहीं होती और भी वगैरह-वगैरह की जरूरत होती है। यह वगैरह आदिम भूख का ही दूसरा नाम है, जिसे ठरक भी कहते हैं।

ये होती तो हर किसी में है, लेकिन उसे उजागर कोई नहीं करता। ये कहानी है रंगशिल्प द्वारा राजस्थान पुलिस अकादमी में पंकज सुबीर कहानी पर आधारित नाटक 'चौथ परमार साहब' की। कहानी का नाट्य रूपांतरण नीरज गोस्वामी ने किया और निर्देशन युवा रंगकर्मी व निर्देशक अनिल मारवाड़ी का रहा।



कहानी में प्रदेश के शिक्षा अधिकारी द्वारा किए गए गांव के स्कूल के औचक निरिक्षण के दौरान जब हैड मास्टर और मास्टर सहित बच्चे स्कूल से गायब दिखे तो इसे गंभीर अपराध मानते हुए उन्होंने हैडमास्टर चौथमल मास्साब का ट्रांसफर 100 किमी दूर कर दिया। मास्साब को दूसरे गांव में रहने खाने की चिंता नहीं थी।


उन्हें परेशानी थी कि वहां 'वगैरह' का प्रबंध कैसे होगा? 'वगैरह' का अर्थ पत्नी को मास्साब यूं समझाते हैं, कि 'काम क्रोध लोभ मोह में से जब क्रोध लोभ और मोह को घटाते हैं और जो बचता है वह वगैरह' होता है।

### इन्होंने किया जीवंत

'चौथमल मास्साब' के चुनौती पूर्ण पात्र को रंगकर्मी ईश्वर दत्त माथुर ने अभिनय और गायन क्षमता से जीवित कर दिया। सरस्वती उपाध्याय, देवयानी सारस्वत, रेनू सनाढ्य, मनोज स्वामी, मनोज अडवाणी, राजेंद्र राजू, सागर गढ़वाल, मनीष योगी, बाल कलाकार कवितेश और नीरज गोस्वामी ने एक्टिंग की। संगीत पंडित अलोक भट्ट, नृत्य निर्देशन जीतेन्द्र शर्मा, मंच परिकल्पना अलोक पारीक मेकअप राधे लाल बांका का रहा।



## जीत के जश्न में मैनचेस्टर में उमड़ा सैलाब




*मैनचेस्टर। इंग्लिश फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी की टीम अपनी ऐतिहासिक UEFA चैंपियंस लीग जीत के बाद मैनचेस्टर पहुंची, जहां फैंस ने उनका शानदार स्वागत किया। क्लब ने इस सीजन इंग्लिश प्रीमियर लीग, FA कप और चैंपियंस लीग के खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। मैनचेस्टर यूनाईटेड के बाद एक ही सीजन में इन तीनों ट्रॉफियों को हासिल करने वाला पहला इंग्लिश क्लब बन गया। मैनचेस्टर में हजारों की तादाद में क्लब के फैंस खिलाड़ियों और चैंपियंस लीग की ट्रॉफी की झलक पाने को बेताब दिखे। -पीटीआई*

### पाक: मदद के लिए सेना को बुलाया

# बिपरजॉय का खतरा, 80 हजार लोगों को शिफ्ट करने का प्लान

**एजेंसी** | करांची

चक्रवाती तूफान 'बिपरजॉय' के पाकिस्तानी शहर कराची के करीब पहुंचने के बीच सिंध प्रांत की सरकार ने सेना और नौसेना को मदद के लिए बुलाया है। वहीं समुद्री तट के आसपास रहने वाले 80 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है।

पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग (पीएमडी) के नए परामर्श के मुताबिक, 'बिपरजॉय' बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान से कमजोर होकर गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है और पिछले 12 घंटे के दौरान यह उत्तर-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ा है। यह फिलहाल, कराची के दक्षिण से 470 किमी और थट्टा के दक्षिण से 460 किमी दूर है। पीएमडी ने कहा कि हवा की रफ्तार 140-150 किमी प्रति घंटा हैं जो 170 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है और इस कारण समंदर में 30 फुट ऊंची लहर उठ सकती हैं। चक्रवात के 14 जून की सुबह तक उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। 15 जून की दोपहर या शाम तक बहुत गंभीर चक्रवाती तूफान के रूप में केटी बंदर और भारत में गुजरात के तट को पार कर करेगा।



### सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए अभियान

पाकिस्तान के दक्षिणी प्रांत सिंध की सरकार ने बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने मीडिया को बताया कि आपातकाल घोषित कर दिया गया है और 80,000 से अधिक लोगों को खतरा है जिन्हें स्थानांतरित करने में मदद करने के लिए सेना और नौसेना को बुलाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री ने कहा कि थट्टा, केटी बंदर, सुजावल, बादिन, थारपारकर और उमेरकोट जिलों में पहले से ही बड़े पैमाने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है।

### हमलों में 10 लोगों की मौत, 28 से ज्यादा घायल

# पुतिन ने दागी जेलेंस्की के गृहनगर में मिसाइलें

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेन के क्रिवयी रीह शहर में रिहाइशी इमारतों पर रूसी मिसाइल हमलों में 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति के मलबे में दबे होने की आशंका है। क्रिवयी रीह के मेयर ऑलेक्सांद्र विल्कुल ने कहा कि मृतक संख्या कम से कम 10 हो गई है।

एक व्यक्ति अभी भी शायद मलबे में दबा हुआ है और 28 लोग घायल हुए हैं। दिप्रोपेत्रोव्स्क के गवर्नर सेरहिये लेसाक ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर लिखा कि पांच मंजिला रिहायशी इमारत पर क्रूज मिसाइल से हमला किया गया। इससे इमारत में आग लग गई। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में यूक्रेन पर रूस के हमले में रक्तपात की यह ताजा घटना है।

जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं जिसमें दमकलकर्मी आग को बुझाने का प्रयास करते नजर आ रहे हैं। जेलेंस्की ने लिखा,'और मिसाइलें दागी गईं। रूसी हत्यारे रिहाइशी इमारतों, शहरों और आम लोगों के खिलाफ युद्ध जारी रखे हुए हैं।' देश के जमीनी सैनिकों के कमांडर ने कहा कि यूक्रेनी सेना बखमुत के बाहर आगे बढ़ रही हैं। ऑलेक्सांद्र सिरस्की ने टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि रूसी सेनाएं अपना प्रभाव खो रही हैं।

गवर्नर ओलेह साइनिहुबोव ने टेलीग्राम पर कहा कि यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर ईरान निर्मित शहीद ड्रोन से हमला किया गया और आसपास के इलाकों पर गोले दागे गए। गोलाबारी में खारकीव के दक्षिणपूर्वी शहर शेव्चोन्कोव में दो नागरिक घायल हो गए। खारकीव के मेयर इहोर तेरेखोव ने मंगलवार को तड़के सूचना दी कि ड्रोन हमले में शहर के उत्तर पूर्व में स्थित एक गोदाम तथा एक व्यावसायी केंद्र क्षतिग्रस्त हो गया। कीव सैन्य प्रशासन ने बताया कि राजधानी को भी निशाना बनाया गया, लेकिन आने वाली मिसाइलों को हवाई सुरक्षा से नष्ट कर दिया गया और वहां किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नहीं है।



### 10 क्रूज मिसाइलों को मार गिराया

यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि हवाई रक्षा से रात के दौरान 14 क्रूज मिसाइल में से 10 को मार गिराया गया और रूसी सेना द्वारा छोड़े गए ईरान निर्मित चार शहीद ड्रोन में से एक को मार गिराया गया। इस बीच, यूक्रेन के सैनिकों के प्रमुख ने कहा कि देश की सेना दोनेत्स्क क्षेत्र के बखमुत शहर के बाहर 'आगे' बढ़ रही है। ऑलेक्सांद्र सिरस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी सेना किनारों पर मोर्चे गंवा रही है, जबकि यूक्रेनी सैनिक क्षेत्र में रक्षात्मक अभियान चला रहे हैं। जेलेंस्की के कार्यालय ने कहा कि दोनेत्स्क के यूक्रेनी कब्जे वाले क्षेत्रों में लगभग एक दर्जन सीमावर्ती कस्बों और गांवों में गोलाबारी बढ़ी, क्योंकि यूक्रेन के सैनिक आगे बढ़ रहे थे।

### दोनों देशों के अपने-अपने दावे

रूसी रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो जारी किया। इसमें उसने दावा किया कि उसमें जर्मनी निर्मित लियोपार्ड 2 टैंक और अमेरिका निर्मित ब्रैडली लड़ाकू वाहन दिख रहा है, जिसे यूक्रेन की सेना से नियंत्रण में लिया गया है। उप रक्षा मंत्री हन्ना मालियार ने टेलीग्राम पर लिखा कि बीते सप्ताह पूर्वी यूक्रेन में 90 वर्ग किमी क्षेत्र के सात गांवों पर यूक्रेनी बलों ने पुन: नियंत्रण स्थापित कर लिया है। उन्होंने जोर दिया कि अंतत: यूक्रेन की सारी जमीन को मुक्त करा लिया जाएगा। रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन को जमीनी लाभ होने की पुष्टि नहीं की।

# पाकिस्तान में आया 5.6 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद सहित देश के कुछ हिस्सों में मंगलवार को 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। पाकिस्तान मौसम विज्ञान (पीएमडी) के मुताबिक, भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार अपराह्न 1:04 बजे महसूस किए गए, जिसकी गहराई 10 किमी थी।

पीएमडी ने कहा कि भूकंप का केंद्र पूर्वी कश्मीर था। लाहौर, इस्लामाबाद और पेशावर में भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों को अपने घरों से निकले पर मजबूर होना पड़ा। किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। पंजाब में भूकंप के झटके शकर गढ़, चिचावतनी, सियालकोट, मंडी बहाउद्दीन, रावलपिंडी, झेलम, हाफिजाबाद और जफरवाल में महसूस किए गए।

भूकंप खैबर पख्तूनख्वा के एबटाबाद, स्वाबी और स्वात इलाकों में भी आया। इस बीच, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में, बाग, धीरकोट और मुजफ्फराबाद इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए।








### बेलारूस के राष्ट्रपति बोले...

# ...नहीं तो हम भी छोड़ेंगे परमाणु हथियार


**एजेंसी** | मॉस्को

बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने मंगलवार को कहा कि यदि उनके देश पर हमला होता है तो वह बेलारूस में तैनात किए जाने वाले रूसी परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने का आदेश देने से हिचकिचाएंगे नहीं।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस साल की शुरुआत में मॉस्को के पड़ोसी एवं सहयोगी देश बेलारूस में कम दूरी की मारक क्षमता वाले परमाणु हथियारों को तैनात करने की योजना की घोषणा की थी और इस कदम को यूक्रेन को मदद मुहैया करा रहे पश्चिम को एक चुनौती के रूप में देखा जा रहा है।

पुतिन ने जोर दिया था कि रूस परमाणु हथियारों पर अपना नियंत्रण रखेगा, लेकिन लुकाशेंको का बयान उनके दावे के विरोधाभासी है। बेलारूस के राष्ट्रपति कार्यालय से जारी बयान के मुताबिक लुकाशेंको ने कहा, 'भगवान न करे कि मुझे इन हथियारों का इस्तेमाल करने का फैसला करना पड़े, लेकिन यदि हमला होता है तो हम हिचकिचाएंगे नहीं।' रूसी अधिकारियों ने हालांकि तत्काल लुकाशेंकों की टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रया नहीं दी है।

लुकाशेंको ने कहा कि उन्होंने ही पुतिन से बेलारूस में रूसी परमाणु हथियार तैनात करने को कहा था। उन्होंने तर्क दिया कि यह कदम किसी संभावित हमले को रोकने के लिए आवश्यक है। लुकाशेंको ने कहा कि मेरा मानना है कि कोई भी ऐसे देश से लड़ना नहीं चाहेगा, जिसके पास ये हथियार होंगे।



पुतिन ने लुकाशेंको के साथ शुक्रवार की बैठक के दौरान कहा था कि परमाणु हथियारों के लिए सुविधाओं के निर्माण का काम सात-आठ जुलाई तक पूरा कर लिया जाएगा और इसके तुरंत बाद उन्हें बेलारूसी क्षेत्र में ले जाया जाएगा।

लुकाशेंको ने कहा कि रूसी हथियारों की तैनाती के लिए सबकुछ तैयार है। उन्होंने कहा कि जो हमें चाहिए उसे हासिल करने के लिए कुछ दिन चाहिए और हो सकता है कि हमारी मांग से कुछ ज्यादा ही मिले।


सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl